तापमान

अधिकतम 39.4 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 6 जून 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



10 पर्यावरण दिवस पर दिया हरितिमा का संदेश, बीएसपी ने 400 पौधे रोंपे



12 विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाली का जज्बा, लोगों ने दिया संदेश





# NEET रिजल्ट में प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट का जलवा बरकरार : प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट

प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने नीट 2024 में पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक व सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर पूरे प्रदेश व देश में एक अलग पहचान बनाया इस वर्ष भी NEET परीक्षा में राहुल चन्द्रवंशी 688, किशन 685, निखिल 685, अरविन्द प्रजापति 670, कुशलेन्द्र ओझा 668. इसी प्रकार आदित्य राजपूत, कुलदीप, रुचि भारद्वाज, कोहिनूर लीलिमा, स्नेहा, रिसिका साहू, लुप्रिया रॉय, टंकेश सिन्हा, वर्षा बंजारे, कशिश मेश्राम का चयन छत्तीसगढ़ व पूरे देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में दाखिला होने की पूरी संभावनायें हैं।

सभी चयनित छात्रों को संस्था के डायरेक्टर द्वारा बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट के शिक्षकगण अपने माता-पिता व कठिन परिश्रम को दिया। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट में नीट की नई बैच 10 जून से प्रारंभ हो रही है। ड्रापर बैच में डेली 6 घंटे क्लासेस व 3 घंटे डाउट क्लास होगी। हर संडे नीट आधारित टेस्ट ली जायेगी, जिसका परिणाम सोमवार



RAHUL CHANDRAVANSHI 688/720



KAUSHLENDRA OJHA 668/720



NIKHIL 685/720

छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली संस्था प्राइम केरियर इंस्टीट्यूट

को दी जायेगी। बच्चों को कम्प्लीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, ड्रेस, आई कार्ड दी जायेगी। संस्था में लाइब्रेरी व हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध है। मेधावी, BPL कार्डधारी व आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को फीस में विशेष छूट दी जायेगी। बच्चों को दिल्ली व कोटा के अनुभवी व विषय विशेषज्ञों शिक्षकों द्वारा अध्ययन कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशन क्लासेस भी कराया जाता है, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास जागृत होती है। भिलाई में तीन ब्रांच है। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट, शॉप नं. 58 'A' मार्केट, सेक्टर-10 भिलाई, दूसरा शॉप नं. 178/179 न्यू सिविक सेन्टर भिलाई व तीसरा शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर भिलाई में है। मो. नं. - 83195-71812, 78801-68887.

Advt.


## खबर संक्षेप

### डेली नीड्स शॉप में लगी भीषण आग से सामान जला

**भिलाई।** डेली निडस के शॉप में अचानक आग लग गई। सूचना पर मौके से तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया बुधवार की सुबह नेहरूनगर में स्थित शीतल डेली नीड्स में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना भोर सुबह 5 बजे मिली। मौके पर अग्निशमन, आपदा प्रबंधन की टीम तुरंत पहुची। अग्निशमन कर्मियों ने दुकान पर में लगी भीषण आग को बड़ी सावधानी से दो दमकल पानी की मदद से आग को क़ाबू किया। दूसरी तरफ दुकान, घर तरफ बढ़ाने से रोक लिया गया। एक बड़ा हादसा होने से टला और भारी जानमाल की हानि होने से बचाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग बुझाने अग्निशमन कर्मी महेंद्र चंदेल, एफ प्रवीण बारा,पराग भोसले, अवतार सिंह, कुलेश्वर, टीकेंद्र,रमेश , धनऊ, संतोष, भोपेश मौजूद थे।

### डॉक्टर और सेवानिवृत्त कर्मी ठगी के शिकार

**भिलाई।** दो अलग-अलग ठगी के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई की है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मकान नं. 132 ब्लाक 08 आर्चिड तालपुरी निवासी बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मी अजीत सिंह विरदी के मोबाइल पर काल किया गया। अज्ञात मोबाइल धारक ने डाक भेजने के नाम पर 15 रुपये आनलाईन भेजने का झांसा दिया। आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर एनीडेस्क एप डाऊनलोड करने को कहा। उसके बाद पीड़ित के बैंक आफ बड़ोदा खाते से दो किस्त में 40 हजार रुपए अज्ञात ने निकाल लिया। वहीं दूसरी ठगी क्वाटर नं. 03 बी सड़क एसपीए सेक्टर 9 निवासी डॉ उमेश अशोक गिरडकर के साथ हुआ। पीड़ित ने एमेजान के कस्टमर केयर पर गुगल से नंबर सर्च कर अपना आर्डर कैंसल करने को कहा। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़ित को एक लिंक भेजा जिसमें क्लिक करते ही उसके खाते से 19 हजार 200 रुपये गायब हो गए। जिसकी शिकायत भिलाई नगर थाना में दर्ज कराई गई है।

## लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम : भाजपा प्रत्याशी विजय को वैशालीनगर में सबसे ज्यादा लीड, सबसे कम पाटन में

# भाजपा प्रत्याशी विजय को मिली हर राउंड में लीड

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। दुर्ग लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल पूरे 22 राउंड में अपनी बढ़त बनाए रखी। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू चार बार ही चार विधानसभाओं में मामूली बढ़त पाई लेकिन इस राउंड में भी वे भाजपा प्रत्याशी बघेल से पीछे ही रहे। 13वें राउंड में पाटन विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी साहू को केवल 32 वोट से बढ़त मिली थी। 16वें राउंड में अहिवारा विधानसभा से 28 वोट और साजा से 164 वोट ज्यादा रहे। 19वें राउंड में वैशालीनगर विधानसभा में 945 वोट ज्यादा लिए। 21वें राउंड में साजा विधानसभा से 139 वोट अधिक प्राप्त किया। इसके अलावा किसी भी समय कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी बघेल से ज्यादा मत नहीं प्राप्त किया।*

### सबसे ज्यादा लीड वैशालीनगर में

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 9 विधानसभाओं के मतों की गिनती हुई। जिसमें सबसे ज्यादा लीड भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को वैशालीनगर विधानसभा से मिली है। यहां 72 हजार 608 मतों से लीड मिली। उसके बाद दुर्ग शहर में भाजपा प्रत्याशी को लीड मिली। यहां 70 हजार 304 मतों से बघेल को बढ़त मिली। अहिवारा विधानसभा 62 हजार 384 वोटों की लीड मिली। बेमेतरा से 51 हजार 416 वोटों की लीड रही। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से 43 हजार 355, साजा विधानसभा से 36 हजार 455, नवागढ़ विधानसभा से 40 हजार 639 वोटों की लीड रही है।



### पाटन में 28 हजार 695 की लीड

पाटन विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को 28 हजार 695 वोटों की बढ़त प्राप्त हुई है। इस विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को केवल एक बार बढ़त 13वें राउंड में 32 वोटों की थी। उसके बाद भाजपा प्रत्याशी बघेल लगातार कांग्रेस प्रत्याशी से बढ़त बनाए रखे।

### 4 लाख 38 हजार 226 वोटों से जीत

भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को 9 लाख 56 हजार 497 वोट मिले। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को 5 लाख 18 हजार 271 मत मिले। बघेल ने 4 लाख 38 हजार 226 वोटों जीत दर्ज की।

| राउंड | पाटन | दुर्ग ग्रामीण | दुर्ग शहर | भिलाईनगर | वैशालीनगर | अहिवारा | साजा | बेमेतरा | नवागढ़ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3033 | 2427 | 4659 | 2174 | 3689 | 4609 | 913 | 1096 | 1387 | 23987 |
| 2 | 8586 | 3098 | 3750 | 1838 | 4669 | 1576 | 1389 | 4356 | 2603 | 27865 |
| 3 | 4102 | 3273 | 5796 | 2203 | 3011 | 228 | 3290 | 2644 | 1375 | 25902 |
| 4 | 2586 | 1054 | 4787 | 2524 | 4692 | 1055 | 1536 | 384 | 2151 | 20767 |
| 5 | 1112 | 2919 | 5481 | 3151 | 3187 | 1869 | 2348 | 3312 | 2931 | 26310 |
| 6 | 1619 | 2841 | 5028 | 2273 | 5417 | 2448 | 2368 | 3526 | 2804 | 28324 |
| 7 | 333 | 3723 | 6276 | 2930 | 5591 | 4755 | 1582 | 1543 | 1975 | 28706 |
| 8 | 1224 | 3903 | 8099 | 2475 | 455 | 3967 | 1123 | 2701 | 4062 | 28009 |
| 9 | 711 | 3287 | 5868 | 3918 | 3333 | 3857 | 1811 | 3043 | 2300 | 28398 |
| 10 | 981 | 2417 | 2888 | 4058 | 5513 | 3988 | 2441 | 1324 | 1474 | 25084 |
| 11 | 445 | 4512 | 4463 | 2850 | 5212 | 3860 | 1175 | 1278 | 1845 | 25640 |
| 12 | 945 | 2732 | 1238 | 4497 | 4410 | 3528 | 1007 | 3894 | 2891 | 25142 |
| 13 | -32 | 774 | 2768 | 406 | 4420 | 4111 | 938 | 3045 | 1443 | 17873 |
| 14 | 1265 | 1501 | 4001 | 00 | 2762 | 4281 | 969 | 3204 | 1985 | 19968 |
| 15 | 669 | 2572 | 3569 | 00 | 3897 | 3983 | 1659 | 1135 | 1026 | 18528 |
| 16 | 324 | 1711 | 3635 | 00 | 3596 | 4948 | -28 | -164 | 1507 | 15529 |
| 17 | 732 | 611 | 00 | 00 | 4577 | 2497 | 3198 | 2440 | 268 | 14323 |
| 18 | 28 | 00 | 00 | 00 | 4177 | 4378 | 3271 | 3343 | 2265 | 17462 |
| 19 | 00 | 00 | 000 | 000 | -945 | 2546 | 1309 | 9148 | 2275 | 10693 |
| 20 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 985 | 2468 | 1039 | 4492 |
| 21 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 2055 | 00 | -139 | 1916 |
| 22 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 1128 | 00 | 1033 | 2161 |

# जामुल सीमेंट प्लांट में हुई हत्या मामले में सीएचपी प्रमुख गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एचओडी हत्या कांड मामले में पुलिस ने इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सीमेंट प्लांट जामुल के भीतर एचओडी आर. बाला राजू खुन से सना मिला था। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। बालराजू के हत्या करने वाले की तलाश में पुलिस जुटी रही। प्लांट का कर्मी हरीशचंद वर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के तुरंत बाद सीएचपी का प्रमुख संजय तिवारी उसके पास आकर शर्ट में लगे दाग को मिटाने लगा। मृतक आर. बाला राजू ने कोल्ड हेंडलिंग प्लाट मे ब्रिफिंग करने के बाद और पावर प्लाट पहुँचने के बीच संदेही संजय तिवारी मौजूद नहीं था। मृतक आर. बाला राजु के साथ ही आरोपी संजय तिवारी भी सी.एच.पी. से निकलने की जानकारी गवाह ने पुलिस को दिया। गेट रजिस्टर भी जांच की गई। जिसमें आरोपी संजय तिवारी लंच के लिये अपने घर जाकर कपडे बदल आया था। पुलिस की टीम उसके घर में जाकर कपड़े बरामद किया। जिसमें खून के छिटे , धब्बे मिले है। इससे क्लीयर हो गया कि संजय तिवारी ने ही एचओडी की हत्या किया । पूछताछ के दौरान आरोपी संजय तिवारी पुलिस को बताया कि सुबह सीएचपी में ब्रीफिंग के दौरान आर. बालाराजु के द्वारा उसे उस पर चिल्लाना, डांट फटकार करना और कोयले की लगातार आपूर्ति नही होने पर नाराजगी जाहिर किया था। पूर्व में कोयले की आपूर्ति न होने से प्लांट में ब्रेक डाउन हो गया था। जिसके लिये भी मृतक ने संजय तिवारी को जिम्मेदार ठहराया था। इसी बातों को लेकर मृतक संजय तिवारी को नौकरी से निकाल देने की धमकी भी दिया करता था। कोल अनलोडिंग एरिया में खड़े होकर मृतक आर. बालाराजु ने दूर से हाथ देकर आरोपी संजय तिवारी को बुलाया। तब अनलोडिंग के लिये ट्रक क्यों नही लगाने की बात को लेकर बाल राजू ने संजय तिवारी को डाटना शुरु कर दिया। आक्रोश में आकर संजय तिवारी ने जब मृतक निरीक्षण कर रहा था। तभी संजय तिवारी ने पीछा से हथौडे से बालराजू पर हमला कर मौत की नींद सुला दी। घटना में मृतक के शरीर पर गंभी चोट आई थी।



■ मृतक को डांटना पड़ गया भारी





## अवैध रुप से गांजा की तस्करी, दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा कीा तस्करी करते हुए एक महिला और युवक को पुलिस ने चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुरियापाड़ा कोमना जिला नोवापाड़ा उड़सिा निवासी .व्यासदेव मांझी और महिला जीना तांड़ी को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 19 पैकेट 14 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 7.30 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई नेवई और एसीसीयू ने किया है। पुलिस को विशेष सूत्रों ने जानकारी दी कि कार ओ.डी.02 बी.एम.6709 में जीना तांडी, व्यासदेव मांझी अवैध रुप से गांजा लेकर भिलाई-दुर्ग सप्लाई करने आ रहे है। पुलिस सजग होकर खोजबीन शुरु किया। इसके बाद कार समेत महिला पुरुष को पुलिस ने विवेकानंद विश्वविद्यालय के पास नेवई बस्ती से पकड़ा गया।





## मकान से 40 हजार के सामान की चोरी

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर बंगौलर गए परिवार के यहां सोना चांदी के जेवरात चोरी हो गई। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि चंद्रनगर उमरपोटी निवासी हरिशंकर शाह आर्मी से सेवानिवृत्त कर्मी है। बेटा बंगलौर में नौकरी करता है। अपने मकान में ताला जड़कर परिवार समेत बेटा से मिलने गए हुए थे। वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करते ही सामने सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया।

## खबर संक्षेप

### गलत कार्रवाई कर अस्पताल किया बंद

**भिलाई।** व्हीवाय अस्पताल के संचालक डॉ. विश्वनाथ यादव ने आरोप लगाया है कि सीएमओ कार्यालय के अधिकारियों के गलत कार्रवाई और कलेक्टर को गुमराह में रखने के कारण शहर के बड़े अस्पताल को बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया। व्ही वाय अस्पताल संचालक डॉ. वश्विनाथ यादव ने शासन को गुमराह कर गलत कार्रवाई करने वाले सीएमओ दुर्ग डॉ. जेपी मेश्राम, नोडल अधिकारी को सस्पेंड करने की मांग की है। वहीं अगर शासन द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जाती है तो कई सीएमओ दफ्तर के कई अधिकारियों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है। डॉ यादव ने कहा कि सीएमओ दफ्तर ने गलत कार्रवाई कर व्ही वाय अस्पताल को बदनाम किया है। अगर ऐसा ही तानाशाही चलता रहा तो भविष्य में कोई भी निजी अस्पताल गर्भवती मरीज को भर्ती नहीं लेगा। गौरतलब हो कि व्हीवाय अस्पताल में एक गर्भवती महिला को गंभीर अवस्था में परिजनों ने उपचार के लिए लाया था। भर्ती के दस दिन पूर्व बच्चा महिला के पेट में मर चूका था। उन्होंने कहा कि महिला धमधा के शासकीय अस्पताल में महिला का उपचार 7 माह तक हुआ था। सीएमओ डॉ. जेपी मेश्राम के नोटिस का जवाब देने के बावजूद नोडल अधिकारी ने उसी नोटिस को दोबारा भेज दिया। वहीं कलेक्टर से व्ही वाय अस्पताल के संचालक डॉ. यादव को जानकारी प्राप्त हुई की उन्हें 20 हजार का नोटिस भेजा गया था। जो उन्हें मिला ही नहीं ये नोटिस सीएमओ दफ्तर में दबाकर रखा गया था। जिसे सूचना के अधिकार के तहत मिला है।

### बिना हेलमेट 7 जून से नहीं मिलेगा पेट्रोल

**भिलाई।** सेक्टर क्षेत्र के 11 पेट्रोल पंप अब दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देना का मन बना लिया है। उक्त पेट्रोल पंप संचालकों ने 21 दिन चैलेंज में अपनी भागीदारी निभाई है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करने दिए गए निर्देश और एएसपी सुखनंदर राठौर मार्ग दर्शन में सेक्टर एरिया के पेट्रोल पंप के संचालकों का कंट्रोल रूम में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि बिना हेलमेट के वाहन चालको को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। सेक्टर के पेट्रोल पंप संचालको 7 जून से दो पहिया वाहन चालको को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

## पर्यावरण दिवस पर अनेक संस्थाओं ने किया पौधरोपण, लिया संकल्प

# पर्यावरण दिवस पर दिया हरितिमा का संदेश, बीएसपी ने 400 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग (टीएसडी) के उद्यानिकी अनुभाग द्वारा, बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 8 में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में चार सौ पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. एम रविन्द्रनाथ, सीजीएम निशा सोनी, डीएल मोइत्र, जे वाय सपकाले, संदीप माथुर, जीएम उमा कटोच,विजय शर्मा, महाप्रबंधक एच शेखर, शिखा दुबे, महाप्रबंधक (टी विष्णु पाठक सहित डीजीएम एनके जैन, सेफी चेयरमेन एनके बंछोर, परविंदर सिंह उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सभी को उपलब्ध खाली भूमि पर वृक्ष लगाने की कोशिश जारी रखनी चाहिए एवं अपने परिसर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना चाहिए। वृक्ष, वातावरण से कार्बन डाई-अक्साइड अवशोषित कर और बड़ी मात्र में अक्सीजन प्रदान करके विश्व को प्रदूषित होने से बचाते हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यपालक निदेशकगण एवं गणमान्य अतिथियों ने अपने संबोधन में विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।तदोपरांत मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, विश्वकर्मा अवार्ड प्राप्त श्रमवीरों, शिक्षा विभाग, वन विकास निगम के अधिकारी व कर्मचारी, एनसीसी एवं स्कूली बच्चों द्वारा आम, अमरुद, कटहल, जामुन, नीम, अशोक, बादाम, आंवला, करंज, केशिया सहित विभिन्न प्रजाति के 400 से भी अधिक पौधे रोपित किये गए। सपकाले ने स्वागत भाषण व संचालन सुप्रियो सेन ने किया।



### वाकथान में शामिल हुए कार्मिक

बीएसपी कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित वकथान में भाग लिया। ईडी अंजनी कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वाकथान इस्पात भवन से शुरू होकर इक्विपमेंट चौक से होते हुए एचआरडी सेंटर पर समाप्त हुआ। अवसर सभी ईडी व खिलाड़ी छात्र व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### महिला समाज ने भी लगाए पौधे



**भिलाई।** पर्यावरण दिवस पर, भिलाई महिला समाज द्वारा भी सेक्टर–1 स्थित मसाला, साबुन और स्टेशनरी इकाई में अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता की उपस्थिति में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। महिला समाज की उपाध्यक्ष नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष प्रणोति मुखोपाध्याय, महासचिव साधना गोयल सहित सोनाली रथ, शिखा जैन तथा सह कोषाध्यक्ष दीपन्विता पाल उपस्थि थीं। इसके साथ ही रीता, पूनम, रुखसाना, नीलीमा, सुष्मिता, सपना और बीएमएस के विभिन्न क्लबों और इकाइयों के अन्य सदस्यों ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

■ विभिन्न क्लबों और इकाइयों ने किया पौधारोपण

### पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौतीः आदित्य



**उतई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शौर्य युवा संगठन एवं पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद के नेतृत्व में कोड़िया के मुक्तिधाम एवं गौठान में इमली, जामुन, आम सहित छायादार पौधों को रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच चंद्रभान सारथी, शौर्य संगठन के संरक्षक व पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद, रोजगार सहायक किरण भारद्वाज, शिक्षक संदीप यादव, शौर्य युवा संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, पर्यावरण संरक्षण व कुरीति उन्मूलन विभाग प्रभारी आनंद निषाद, मेहुल निषाद, मेट प्रमिला साहू, पुकेश्वर यादव, तृप्ति यादव, गंगाधर यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद ने कहा प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आधुनिकता के दौर में लगातार प्रकृति का दोहन किया जा रहा है लेकिन उसके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता की कमी है। पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन की बात नहीं है इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए व्यवहार में लाने की जरूरत है। रोजगार सहायक किरण भारद्वाज ने अधिकाधिक पौधरोपण की अपील करते हुए कहा लगातार पेड़ों की कटाई से गर्मी अनियंत्रित रूप से बढ़ रही है। इससे निजात पाने के लिए सभी संकल्पित होकर अपने घर, खेत खलिहान, घास भूमि या सड़क किनारे जहां भी खाली जगह मिले वहां ज्यादा से ज्यादा फलदार और छायादार पौधों का रोपण करें। शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण के लिए चिंता जाहिर करते हुए कहा लोगों का पर्यावरण के प्रति निष्क्रियता के वजह से पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस दौरान श्याम बाई पटेल, अमृत पटेल, खेदी यादव, सावित्री निषाद, पूर्णिमा निषाद, सरिता साहू, मीरा पटेल, रामहिंन साहू, बुधन्तिन निषाद, सरोज निषाद, अनेश्वरी यादव, भगैया बाई, कुमारी निषाद सहित शौर्य संगठन व पंचायत प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा।

### फलदार व छायादार पौधे लगाकर ट्रांसपोर्ट परिसर को बनाया हराभरा



**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ट्विनसिटी के विभिन्न स्थानों में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लेकिन सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र माने जाने वाला आद्योगिक क्षेत्र ट्रांसपोर्ट नगर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाते कदम का सराहनीय प्रयास समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू के द्वारा किया गया। औद्योगिक नगर हथखोज स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में जहां अत्यधिक प्रदूषित एरिया माना जाता है उस स्थान को प्रदूषण रहित बनाने के उद्देश्य से फलदार व छायादार पौधों का रोपण हैवी ट्रांसपोर्ट के द्वारा किया गया। इस दौरान इंद्रजीत सिंह ने ट्रांसपोर्ट नगर के उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण व उसके महत्व को बताते हुए नीम, बरगद, आम सहित फलदार व छायादार पौधे ट्रांसपोर्ट परिसर में लगाएं। साथ ही सभी ने पौधे को सहेजने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर हैवी ट्रांसपोर्ट के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह, मलकित सिंह, सरियूपारिण ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा सहित अन्य जन उपस्थित थे।

### बैंक अधिकारी संगठन ने किया पौधारोपण



**भिलाई ।** पर्यावरण दिवस पर बैंकिंग अधिकारियों के संरक्षण संगठन द्वारा पौधारोपण किया गया। बैंक अधिकारी श्री नायक, जितेंद्र चौरसिया ने पौधरोपण बाद कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना और इसे स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अधिकाधिक पौधरोपण करके ही हम अपनी धरती को बचा सकते हैं। कार्यक्रम में श्रीकांत तिवारी व ओंकार आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## अंचल व शहर की खबरे

### विजय के दूसरी बार सांसद बनने से ग्रामीण में हर्ष



**अंडा।** भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सांसद निवास पहुंचकर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद विजय बघेल को दूसरी बार रिकार्ड मतों से जीत पर बधाई देने सांसद निवास पहुंचे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, रिसाली के पार्षद अजय चौहान, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### मटंग के कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे



**सेलूद।** दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के ऐतिहासिक जीत 4 लाख 43 हजार मतों से विजयी होकर पुनः दुबारा सांसद निर्वाचित होने तथा देश में तीसरी बार भाजपा गंठबंधन के सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी करके जीत की खुशियां मनाई। इस अवसर पर पोशुराम निर्मलकर , मनोज साहू, शत्रुहन चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, गणपत साहू, रोहित निर्मलकर, संतोष अहीर, हिरासिंह ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर,रोशन सारथी, कमल सिंदूर, चन्द्रकेतु यादव, श्यामलाल देवांगन, सुन्दर धीवर आदि मौजूद थे।

### उत्तर मंडल के गांवों में आतिशबाजी



**सेलूद।** सांसद विजय बघेल के पुनःऐतिहासिक जीत पर लगातार दूसरी बार सांसद बनने व रिकार्ड 4 लाख 40 हजार वोट से विजयी होने पर महामंत्री रवि सिंगौर ने उत्तर मंडल पाटन के विभिन्न गांवों मे आतिशबाजी के साथ विजय बघेल जिंदाबाद के नारे लगाए मिठाई से मुंह मीठा कर खुशी मनाई। युवा मोर्चा उत्तर मंडल महामंत्री रवि सिंगौर व पूर्व सरपंच सुरेश सिंगौर ने अपने मंडल के ग्राम -सांकरा, खमरिया, मोतीपुर, रूही सहित अन्य ग्रामों आतिशबाजी की। इस अवसर पर संतोष सिंगौर,यशवंत जांगड़े,कामता सिंगौर, मनहरण सिंगौर, कृष्णा सिंगौर, ब्यासनारायण बंधे,राधे बंधे, उग्रसेन सिंगौर, तेजराम वैष्णव, वरुण सिंगौर, छोटू यादव, साहिल सिंगौर,पिंटू यादव, नागेश सिंगौर, राम सिंगौर, विकास सिंगौर,प्रदीप सिंगौर,ओमकार कौशिक,सूर्यकान्त सिंगौर, टोमेश टंडन, मुकेश सिँगौर, रामधारी सिंगौर, क्रिस सिंगौर, सोभित सिंगौर, मोहित सिंगौर, देवेंद्र यदु,मोहन सिंगौर, तुलेश सिंगौर, घनश्याम कौशिक ,प्रेम गायकवाड़, सूरज सिंगौर, जयकारण सिंगौर, भोला सिंगौर, सुनील सिंगौर, अवध सिंगौर, छगन सिंगौर,मनोज सिंगौर,रोशन सिंगौर आदि मौजूद थे।

### शाउमावि विनायकपुर में मना विश्व पर्यावरण दिवस



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें जूनियर रेडक्रॉस के द्वारा पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित करते हुए वॉलिंटियर्स के द्वारा चित्रकला, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम भावना निर्मलकर 10वीं, द्वितीय संध्या देशमुख 11वीं, तृतीय प्रतीक्षा ठाकुर 11वीं, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम याचना देवांगन 10वीं, द्वितीय भेनु देवांगन 11वीं,तृतीय सोनम पटेल 10वीं व स्लोगम में प्रथम ईशा 11वीं रही। इन प्रतियोगिताओं के चलते बच्चों ने जागरूक किया की प्रयावरण की रक्षा करना हमारे लिए कितना आवश्यक हैं पर्यावरण के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख मंजीत सिंह राजपूत,रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी,संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, दीपमाला यादव, मीरा, प्राची,मानसी,चांदनी,पलक,रीतू आदि मौजूद थे।

### हिंद नगर में किया पौधारोपण, लिया संकल्प



**भिलाई।** ऑक्सीजन एनवायरमेंट सोसायटी दुर्ग भिलाई के द्वारा पर्यावरण दिवस पर मंदिर हिंद नगर में रोड पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। टीम के सदस्य टीम के सदस्य अनिल देवांगन,हेमंत राव, लक्की अग्रवाल, अंचल यादव,अभिलाष सिंह,विवेक वर्मा,नीरज नायक,मनीष यादव,शुभम निर्मलकर, डोमेश सिन्हा, तरुण वर्मा,सागर अग्रवाल,अनुज,संजना सिंह, लाय मांडवी,मयूर,ट्विंकल चौधरी,ज्योत्सना, माही आदि उपस्थित थे।

## निधन

### हेमलाल साहू



**भिलाई।** पोटिया कला दुर्ग निवासी हेमलाल साहू का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार का गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया। वे पितांबर साहू के पुत्र, फूलमती साहू के पति व भुवनेश्वर, तीलोचन के पिता थे।

### ध्रुव राम साहू



**भिलाई।** ग्राम मोहंदी निवासी ध्रुव राम साहू (95 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके गृहग्राम में किया जाएगा। वे जंजगिरी परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम साहू, गोवर्धन व दुर्योधन के पिता थे।

# एसपी ने ली केबल ऑपरेटरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



केबल कटिंग की लगातार शिकायत के बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने ऑपरेटरों की बैठक लिया। इस दौरान शहर की सुरक्षा के लिए सीसी कैमरो की केबल कटिंग करने वालों पर कार्रवाई करने करने की बात कही गई है।

■ केबल कटने की शिकायत पर दी हिदायत

दुर्ग-भिलाई के केबल आपरेटरों की बैठक सेक्टर 6 स्थित पुलिस कण्ट्रोल में लिया। एसपी ने हिदायत दिया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़, ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए दुर्ग-भिलाई शहर के विभिन्न स्थलों, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। 200 से अधिक केबल आपरेटरों ने टीवी चैनलों के लिये केबल बिछाये हैं। जिनके द्वारा सीसीटीवी कैमरा के केबल को काट दिया जा रहा है। जिससे विगत कुछ माह से विभागीय कार्यों में दिक्कत आ रही है। सीटीवी कैमरा के केबल कटिंग होने की शिकायत मिलने पर केबल आपरेटर के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, टीआई भिलाई नगर राजकुमार लहरे, प्रभारी पुलिस कण्ट्रोल रूम निरीक्षक तापेश नेताम समेत 50 से अधिक केबल आपरेटर मौजूद थे।

# होटल रोमन पार्क के सेल्स मैनेजर ने की ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

होटल के सेल्स मैनेजर के द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पुलगांव पुलिस ने बताया कि होटल द रोमन पार्क पुलगांव में जनरल मैनेजर पद पर राज कुमार निषाद ने शिकायत किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि होटल द रोमन पार्क मे सेल्स मैनेजर कालीपुर लक्ष्मी नगर रायपुर निवासी ईमरान मेमन कस्टमर के बिल को होटल के खाते में न डालकर अपनी पत्नी रश्मी मेमन के बारकोड के जरिये अलग-अलग दिनों में 30 हजार 146 रुपए ट्रांसफर किया। ईमरान ने होटल मैनेजमेंट के साथ ठगी किया। मैनेजर ने शिकायत किया है कि आरोपी ईमरान मेमन ने होटल के

■ पुलगांव थाना क्षेत्र की घटना

रूम रेंट, कस्टमरों के भुगतान को पत्नी के खाते में लेकर गबन और धोखाधड़ी किया। होटल को इसकी जानकारी तब हुई जब एकाउंटेंट ने होटल का हिसाब किताब देख करीब 1 लाख रुपए की रकम उसके द्वारा होटल के कस्टमर को भ्रम में डालकर पत्नी के खाते में ट्रांसफर किया।

### पेंशनधारियों का किया जा रहा है सत्यापन

**भिलाई।** नपानिभि क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक उम्र के सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धा पेंशन प्राप्त कर रहे है। उनके सत्यापन के लिए ननिभि के जोन सुपरवाईजर, शहरी आजीविका मिशन की सीईओ एवं आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता घर-घर जाकर परीक्षण कर रही है। संबंधित सभी 1711 हितग्राहियों के खाते में पेशन डीबीटी के माध्यम से एकाउन्ट बेस पे जा रहा है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा है ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद





**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट , 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

//आम सूचना//
(ग्राम-डुमरडीह, प.ह.नं. 51 की भूमि के संबंध में)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता भूमिस्वामी मन्नू लाल पिता प्रीतराम, जाति-सतनामी, निवासी-ग्राम-डुमरडीह, प.ह.नं. 51, रा.नि.मं. उतई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के हक स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 850, रकबा 0.35 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया गया है तथा विक्रेता को सौदापेटे तयशुदा प्रतिफल धन राशि में से कुछ अंश उसे बतौर बयाना राशि अदा कर दी है, केवल पंजीयन शेष है, शेष प्रतिफल राशि विक्रय पंजीयन के दौरान विक्रेता को भुगतान की जावेगी।
अतः उक्त भूमि के विक्रय / इकरारनामा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक विशेष, किसी वित्तीय संस्था या किसी गैर वित्तीय संस्था, निकाय, साहूकार या पूर्व में निष्पादित इकरारप्राप्तकर्ता आदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, उजर दावा आदि हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपना आपत्ति व दावा मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, नियत अवधि के पश्चात से किसी प्रकार से आपत्ति उजर दावा किये जाने पर मान्य नहीं होगी।
सो सूचना जानें।
दिनांकः 05/06/2024
भवदीय
पूना राम साहू, संस्कृति यादव
अधिवक्तागण साहू चेम्बर जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 9826719847, 9425568257

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi




भारती ग्रुप पिछले 27 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

## Law
- B.A. LLB
- B.Com LLB
- LLB
- LLM

## Engineering
M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic
- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

## Journalism
- MAJMC
- BAJMC

## Hotel Manegement
- MHM
- BHM

## Animation & Visual Effects
- B.Sc.
- M.Sc.

## Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

## Arts/ Science/ Commerce
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- Forensic Science /Food & Nutrition
- DCA
- PGDCA
- DSW
- MBA
- MPH
- B.A./B.Sc./ B.Com.
- B.A./B.Sc./ B.Com. (Hons)

} As per NEP 2020

- M.A./M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS

New Course
Approved by AICTE
- BBA
- BCA

## Library
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

## Education
- D.El.Ed.
- B.Ed
- M.Ed

## Diploma Courses
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition and Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

## Film Making
- B.A.
- M.A.

**Ph.D. Available in all Subjects**

- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Affiliated to Ayush University, Raipur

- B.Tech. Agri.
- B.Sc. Agri.

Affiliated to IGKV, Raipur

Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.

पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है...

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development

## TOP RECRUITERS

WIPRO LTD.
ASHOK L by LAYAM GROUP
JINDAL ELECTRICAL
HCL INFOSYSTEMS LTD
SUZLON ENERGY LTD.
BOC INDIA LTD.
DHOOT TRANSMISSIONS
ADVIK HIGH TECH PVT. Ltd.
TATA CONSULTANCY SERVICES
L & T CONSTRUCTION
SUZUKI MOTORS
MAHINDRA & MAHINDRA LTD.
HIRA POWER & STEEL
MAINTEC TECHNOLOGIES
IDBI BANK LIMITED
JUST DIAL LIMITED

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com
: 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

## खबर संक्षेप



### शनिदेव जयंती आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**दुर्ग।** गंजपारा स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में 6 जून को श्री शनिदेव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री शनिदेव जी का 51 किलोग्राम पंजीरी का महाभोग व शनिदेव का फूलों से विशेष साज-सज्जा के साथ श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 7 बजे महाअभिषेक, 9 से 11 बजे हवन, भंडारा - दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा व संध्या 7 बजे महाआरती के साथ बूंदी-पंजीरी प्रासाद वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शहर के सभी शनि मंदिरों का उद्भव गंजपारा शनि मंदिर के बाद हुआ, इस प्राचीन शनिदेव मंदिर में उक्त महोत्सव के अवसर पर शाम 7 बजे से भजन-कीर्तन का कार्यक्रम देर रात तक चलेगा। इस वर्ष 06 जून दिन गुरुवार, ज्येष्ठ अमावश्या को आयोजित श्री शनिदेव जयंती महोत्सव की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

### परिजनों को मिली 8 लाख की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा वार्ड तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी डिबरू आलडा की विगत 14 जनवरी 2023 को आग से जलने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार वार्ड 64 नेवई बस्ती तहसील व जिला दुर्ग निवासी रवि निषाद की विगत 25 सितम्बर 2023 को नदी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व डिबरू आलडा के भाई विश्वनाथ आलडा को एवं स्व रवि निषाद के पिता छबिलाल निषाद को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### डॉ.पाणिग्राही इंडो नेपाल में देंगे व्याख्यान

**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस के परिप्रेक्ष्य में



एनजीआईपी फाउंडेशन बेतिया वेस्ट चंपारन बिहार द्वारा जनकपुर नेपाल में आयोजित इंडो नेपाल कॉन्फ्रेंस अवार्ड सेरेमनी तथा रौनियार सेवा समिति जनकपुर धाम नेपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण विद डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को पर्यावरण संरक्षण व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया है। वे 9 मई को जनकपुर नेपाल में आयोजित इस भव्य समारोह में डॉ पाणिग्राही को बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर आमंत्रित किया गया है। जिसमे डॉ पाणिग्राही को पर्यावरण एवम समाज सेवा के कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने इस आमंत्रण के लिए डॉ नीरज गुप्ता, एनजीआईपी फाउंडेशन तथा रौनियार सेवा समिति जनकपुर धाम नेपाल का आभार व्यक्त किया है।

# सिर्फ दो वार्ड में बढ़त, पूर्व विधायक और मेयर वार्ड में भी मिली हार

## गया नगर वार्ड में सर्वाधिक लीड, तकिया पारा, केलाबाड़ी वार्ड में हारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल ने अपने कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को न सिर्फ लोकसभा बल्कि वार्ड में घुसकर हराया है। दुर्ग शहर विधानसभा सीट के तहत आने वाले साठ वार्ड में सिर्फ दो वार्ड में ही कांग्रेस बढत बनाए रखी, जबकि महापौर धीरज बाकलीवाल और पूर्व विधायक अरूण वोरा भी अपने प्रत्याशी को नही जीता पाए। और तो और खुद राजेन्द्र साहू जिस वार्ड में रहते है, वहां से भी उन्हे जीत नही मिल पाई। लोकसभा चुनाव के परिणाम चार जून को जारी कर दिए गए है। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में अब तक के सर्वाधिक लीड मिले है। जिसमे 2019 में मिले 62 हजार की लीड के रिकार्ड को तोडकर इस बार 72272 मतों से बंफर जीत हासिल की है। नगर निगम के 60 वार्डो में भाजपा को तकिया पारा व केला बाड़ी वार्ड को छोड़कर सभी वार्डो में बढ़त मिली है। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग शहर सीट के लिए सोलह राउंड में गिनती की गई। इस दौरान प्रत्येक राउंड में भाजपा प्रत्याशी ने जबरदस्त बढत कामय रखी, जो अंतिम राउंड तक बना रहा।

### गया नगर वार्ड से सबसे ज्यादा बढत

शहर के वार्डो में गया नगर वार्ड 4 से भाजपा को फिर इस बार सर्वाधिक 2747 वोट कि लीड मिली है, जो 2023 विधानसभा से 4 सौ अधिक है। भाजपा प्रत्याशी ने दो वार्डो को छोड़कर सभी वार्डो में अच्छी खासी बढ़त प्राप्त की है। गयानगर वार्ड 4 में लगातार दूसरी बार भारी बढ़त मिली है, इस वार्ड में पार्षद लीना देवांगन है, जो नगर निगम के पूर्व सभापति व भाजपा वरिष्ठ नेता दिनेश देवांगन की पत्नी है। जिन्हे विधान सभा चुनाव में भी सर्वाधिक लीड के चलते संगठन द्वारा एक लाख की नगद राशि का सम्मान मिला था।

### नेता प्रतिपक्ष के वार्ड में भी बढत

गया नगर के आलावा दूसरे क्रम में नया पारा वार्ड 1 तथा तीसरे क्रम में पोटियाकला पूर्व वार्ड 53 जहां भाजपा से क्रमशः पार्षद मनीष साहू अजय वर्मा है। इसी प्रकार अन्य सभी भाजपा पार्षदों के अलावा कांग्रेस पार्षदों के वार्डो में भी भाजपा को जोरदार बढ़त मिली है। लेकिन तकिया पारा वार्ड जहा दो एमआईसी मेंबर लोककर्म प्रभारी अब्दुल गनी व स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर है। यहां भाजपा अच्छी खासी मतों से पिछड़ी है। इन दोनो वार्ड में मुस्लिम बाहुल्य वोटर है।

### दुर्ग शहर विधानसभा के 60 वार्डों की स्थिति

| वार्ड | भाजपा | कांग्रेस | जीत |
|---|---|---|---|
| नया पारा वार्ड | 1, 3184 | 573 | 2611 |
| राजीव नगर वार्ड | 2, 2172 | 422 | 1750 |
| मठपारा वार्ड 3, | 1465 | 269 | 1196 |
| गया नगर वार्ड 4, | 3312 | 565 | 2747 |
| मरार पारा वार्ड 5, | 2048 | 465 | 1583 |
| ठेठवार पारा वार्ड 6 , | 1454 | 233 | 1221 |
| किल्ला मंदिर वार्ड 7, | 990 | 797 | 193 |
| तकिया पारा वार्ड 8, | 469 | 1724 | 1255 हारे |
| स्वामी विवेकानंद वार्ड 9 , | 2009 | 391 | 1618 |
| शंकर नगर पश्चिम वार्ड 10 , | 1914 | 517 | 1397 |
| शंकर नगर पूर्व वार्ड 11, | 1723 | 649 | 1074 |
| मोहन नगर पश्चिम वार्ड 12, | 1726 | 775 | 951 |
| मोहन नगर पूर्व वार्ड 13 , | 1473 | 597 | 876 |
| सिकोला भाटा वार्ड 14, | 1405 | 503 | 902 |
| करहीडीह वार्ड 15, | 1977 | 983 | 994 |
| सिकोला बस्ती वार्ड 16 , | 2017 | 568 | 1449 |
| औद्योगिक नगर वार्ड 17 , | 2852 | 810 | 2042 |
| शक्ति नगर वार्ड 18 , | 2337 | 639 | 1698 |
| कैलाश नगर वार्ड 19 , | 1573 | 656 | 916 |
| आदित्य नगर वार्ड 20 , | 1250 | 527 | 723 |
| सिंधिया नगर वार्ड 21, | 2840 | 658 | 2184 |
| तितुरडीह स्टेशन पारा वार्ड 22, | 1767 | 632 | 1132 |
| दीपक नगर वार्ड 23, | 1417 | 373 | 1044 |
| आमदी मंदिर वार्ड 24, | 2505 | 336 | 2169 |
| संतरा बाड़ी वार्ड 25 , | 1061 | 433 | 634 |
| संतरा बाड़ी वार्ड 26 , | 1592 | 469 | 1123 |
| पोलसाय पारा वार्ड 27 , | 1881 | 436 | 1445 |
| पचरी पारा वार्ड 28, | 1348 | 383 | 965 |
| अस्पताल वार्ड 29 , | 814 | 292 | 522 |
| तमेर पारा वार्ड 30, | 1396 | 509 | 887 |
| लंगूरबीर मंदिर वार्ड 31, | 1063 | 359 | 704 |
| ब्राम्हण पारा वार्ड 32 , | 1866 | 416 | 1450 |
| चंडी मंदिर वार्ड 33 , | 1911 | 326 | 1585 |
| शिव पारा वार्ड 34, | 2095 | 479 | 1616 |
| बाबा रामदेव मंदिर वार्ड 35 , | 2489 | 827 | 1662 |
| गंज पारा वार्ड 36, | 1292 | 1001 | |
| आजाद वार्ड 37, | 1697 | 524 | 1143 |
| मिल पारा वार्ड 38 , | 2137 | 689 | 1438 |
| कचहरी वार्ड 39 , | 2548 | 1196 | 1352 |
| सुराना कालेज वार्ड 40 , | 1027 | 495 | |
| केला बाड़ी वार्ड 41, | 1713 | 2501 | 788 हारे |
| कसारीडीह वार्ड पश्चिम वार्ड 42, 2523 | | 1730 | 793 |
| कसारीडीह पूर्व वार्ड 43, | 1297 | 390 | 907 |
| गुरु घासीदास वार्ड 44, | 1106 | 653 | 453 |
| पदमनाभपुर पश्चिम वार्ड 45, | 1429 | 501 | 928 |
| पदमनाभपुर पूर्व वार्ड 46, | 1545 | 477 | 1068 |
| रायपुर नाका वार्ड 47, | 1761 | 885 | 876 |
| न्यू पुलिस लाईन वार्ड 48, | 1007 | 590 | 417 |
| विद्युत नगर वार्ड 49, | 1390 | 667 | 723 |
| बोरसी भाठा वार्ड 50, | 1421 | 920 | 501 |
| बोरसी उत्तर वार्ड 51, | 2110 | 873 | 1237 |
| बोरसी बस्ती वार्ड 52 , | 3359 | 1346 | 2013 |
| पोटियाकला उत्तर 53, | 3686 | 1188 | 2498 |
| पोटिया बस्ती वार्ड 54, | 2632 | 1471 | 1161 |
| पुलगांव वार्ड 55, | 1751 | 516 | 1235 |
| बघेरा वार्ड 56, | 2679 | 855 | 1824 |
| उरला पश्चिम वार्ड 57, | 2638 | 862 | 1776 |
| उरला पूर्व वार्ड 58, | 1731 | 715 | 1016 |
| कातुलबोर्ड पश्चिम वार्ड 59, | 2767 | 887 | 1880 |
| कातुलबोर्ड पूर्व वार्ड 60 , | 1611 | 507 | 1104 |

## पहल : शहर में विभिन्न सामाजिक संस्थानों ने दिखाई जागरुकता

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाली का जज्बा, लोगों ने दिया संदेश

**दुर्ग।** शहर से गांव तक पर्यावरण प्रेमियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया और अपने आसपास के इलाको में पौधरोपण किया है। पर्यावरण दिवस पर लोगों ने कालोनियों से लेकर गार्डन में पौधे रोपे और लोगों को इस अभियान में जुडने की अपील की है। जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण दिवस पर अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया।

### विधायक, महापौर ने किया पोटिया चौक में वृक्षारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं प्रभारी सत्यवती वर्मा, पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह समेत अन्य लोगो ने पोटिया चौक अमृत मिशन गार्डन के किनारे में वृक्षारोपण किये।

इस अवसर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल का कहना है कि, स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधारोपण जरूरी है। जितने अधिक पौधे होंगे उतना पर्यावरण स्वच्छ रहेगा। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि, शहर के अन्य रिक्त जगहों में पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। लगाए गए पौधे छायादार और फलदार पौधा है, जिसमें बादाम एवं कदम के पेड़ शामिल है। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहरवासियों से अपील कर कहा कि शहर को हरा-भरा करने वे भी अपने घर के आस-पास एक पौध अवश्य लगाये।

## पर्यावरण दिवस पर उठे हजारों हाथ, बारिश बाद पौधरोपण होगा लाभकारी



### साइंस कालेज में छात्रों ने किया वृक्षारोपण

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आदित्य नारंग के नेतृत्व में आज साइंस कॉलेज दुर्ग में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। नारंग ने बताया कि, हमारी संस्कृति पर्यावरण संरक्षण को पूर्वजों के समय से समाहित किये हुए है। हमें केवल अपनी जीवन शैली में धारण करने की आवश्यकता है। पृथ्वी के फेफड़ों को नष्ट ना करें। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में मुख्य रुप से योगिता रामटेके, चैतन्य बंछोर, सार्थक गजभिए, ऋतु निर्मलकर, कशिश मरकाम, अंजलि पासवान, ग्रीषिका तुरखेड़े, तनु पासवान, दीपक टांक, गौरव परते, अभिजीत गुप्ता, योगेश सिन्हा ने उपस्थित थे।



### बोरसीवासियों ने कहा- जीना है वृक्ष लगाओ

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर युवा शक्ति संगठन बोरसी द्वारा शासकीय तालाब हनोदा रोड किनारे, बोरसी में जीना है तो वृक्ष लगाए अभियान की शुरूवात कदम के पौधे लगाकर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के हाथो पौधारोपण प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात दुर्ग वार्ड-52 की पार्षद स्वर्गीय गायत्री साहू की स्मृति में नरेंद्र चन्द्राकर (सेवानिवृत्त शिक्षक), संगठन के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र साहू एवं संतोष चंद्राकार (सेवानिवृत्त सैनिक), स्मिता तांडी (राष्ट्रपती पुरूस्कार से पुरस्कृत) एवं आर्ट्स क्लासेस बोरसी के द्वारा एक-एक कदम का पौधा रोपित किया गया। विधायक ने युवा संगठन के इस अथक प्रयास की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक खिलेन्द्र साहू जी, अध्यक्ष प्रशांत साहू, सचिव चाणक्य साहू, बसंत साहू, नरोत्तम साहू, चाणक्य, सुशील, मनीष, प्रशांत साहू, कुलेश्वर,मेष,भूपेन्द्र, तरुण, गौरव,देवेन्द्र, युवराज, विजय, विजेंद्र, हैप्पी, मनीष साहू, रिंकी साहू सहित वार्डवासियों का विशेष सहयोग रहा।



### छात्रों से एक हजार पौधे लगाने की अपील

**दुर्ग।** उदय प्रसाद उदय शासकीय पालिटेक्नीक के ईको क्लब द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर शंकर सिंह, परदेशी वन मण्डलाधिकारी दुर्ग एवं प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय द्वारा पौधारोपण किया गया। प्राचार्य ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं से एक-एक पौधा लगभग एक हजार पौधे लगाने का आग्रह किया गया। इस सम्बन्ध में वन मण्डलाधिकारी द्वारा पौधा उपलब्ध कराने हेतु सहमति प्रदान की गई। प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय द्वारा इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस के मुख्य विषय पर छात्र-छात्राओं का ध्यान आकर्षित करते हुए भूमि बहाली मरूस्थली करण एवं सूखा लचीलापन पर ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ईको क्लब के प्रभारी डॉ रचनासिंह व्याख्याता भौतिकी, सदस्य के रूप में श्रीमती नंदनी साहू, व्याख्याता सीएस तथा ईको क्लब के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मंच संचालन श्रीमती दीप्ती रणदिवे व्याख्याता विद्युत एवं श्रीमती नेहा डनसेना व्याख्याता विद्युत द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन सुश्री अंकिता साहू व्याख्याता सिविल द्वारा किया गया।



### जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने किया पौधारोपण

जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड औद्योगिक विकास केन्द्र रसमड़ा बोरई में वृहद वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर एवं अन्य स्थानों में पौधारोपण कर पौधों की सुरक्षा करने का भी संकल्प लिया गया। साथ ही पर्यावरण के प्रति सजगता फैलाने के उद्देश्य से इस वर्ष मिशन लाईफ स्टाइल फॉर इन्वायरमेंट जन-जागृति हेतु वृक्षारोपण, पर्यावरणीय संगोष्ठी एवं जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनमोहन सिंग रहे। उन्होंने कहा कि, आज समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा अपनी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वृक्षों का दोहन किया जा रहा है। प्रकृति के साथ किए जा रहे इस तरह के खिलवाड़ को रोकना हम सबका दायित्व है, ताकि हम सबका परिवार एवं समाज एक स्वच्छ पर्यावरण में जीवन यापन कर सकें। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जय बालाजी इंडस्ट्रीज के प्रबंधक, अधिकारी एवं कर्मचारी संदीप नायर, सुधीर जोशी, एके हसन, मिथलेश सिंह, सुब्रत मुखर्जी, विवेक इंगले, जोश डेनियल, आनंद तिवारी, प्रमोद पाल, तरूण गुप्ता, राजेश दुबे, कमललोचन सेठी, एमआर देशमुख, केसी मंडल, अभिषेक श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल, खिलेन्द्र चन्द्राकर, कांति साहू, जीपी तिवारी, उषा चंचल, घनेंद्र साहू, वीरेंद्र यादव, राजूसाव, कोटा बलराम, प्रदोस सतपति, अमित सिंह, कृतियादव, अनिल ठठोई, ब्रिजेश, सरजू, मिलाप, ओमप्रकाश, कृष्णा, श्याम, चमन, कीर्तन, तीर्थ, सतीश, अश्वनी, हुमेंद्र, सुशील केशरी के अलावा अन्य कर्मचारियों ने अपने आस-पास के वातावरण को साफ -सुथरा एवं हरा भरा रखने का संकल्प लिया गया।

### पतंजलि युवा के कार्यकर्ताओं ने रोपे पौधे



सांस हो रही है कम, जीना है पेड़ लगाए अभियान के तहत पतंजलि युवा भारत के कार्यकर्ताओं द्वारा 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर तालपुरी वन विभाग दुर्ग में वृक्षारोपण किया गया चंद्रशेखर परदेशी डीएफओ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### मछली पालन विभाग में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु कार्यालय उप संचालक मछली पालन दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि मत्स्य बीज प्रक्षेत्र दुर्ग में वर्तमान में 20.00 लाख मत्स्य बीज उत्पादन (स्टेण्डर्ड फ्राई) लक्ष्य आबंटित किया गया है। मत्स्य बीज विक्रय कार्यक्रम के दौरान प्रक्षेत्र में कृषकों की आवा-जाही लगी होती है जिस कारण प्रक्षेत्र में तापमान कम करने के लिये छायादार फलदार पेड़-पौधों की आवश्यकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रक्षेत्र परिसर में सौंदर्यीकरण, सुरक्षा और संरक्षण हेतु विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सीमा चंद्रवंशी, उप संचालक मछली पालन जिला-दुर्ग एवं कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा वृक्षारोपण पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## पर्यावरण को संवारने में युवाओं ने पेश की मिसाल

# हर घर एक मुट्ठी चावल लेकर बिखेरी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित भटगांव के युवाओं ने प्रेरदायक कार्य किया है। युवाओं ने मन में ठानी कि, सरकारी घास जमीन के अस्तित्व को बचाना हैं और फिर बंजर जमीन में हरियाली उकेर दी। हर घर से चंदा और हर माह करीब 35 महिलाएं प्रत्येक घर से मुठ्ठीभर अनाज एकत्रित कर रही है। इस अनाज और चंदा की राशि से करीब पांच एकड वाले इस जमीन में पांच सौ के करीब कई फलदार पौधे आज नजर आ रहे है। बंजर जमीन में जब हरियाली दिखी तो नाम रखा श्री राम स्मृति उपवन। भटगांव के युवाओं ने वर्ष 2015 में एकजूट होकर स्वामी विवेकानंद नवयुवक मंडल बनाई। इन युवाओं द्वारा गांव में विविधि गतिविधियों तो की जाती है। लेकिन इन्होने न सिर्फ सरकारी घास जमीन को सहेजा है, बल्कि इसे हरियाली का रूप देकर औरो को प्रेरणा दी है। मंडल में करीब दो दर्जन युवा है। मंडल के अध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि, वर्ष 2015 से गांव में समिति बनाई। गांव में ही पांच एकड की घास जमीन थी। इसे सहेजने का निर्णय युवाओं ने लिया। इसके लिए चंदा लेना शुरू किया, वही बकायदा गार्डन में बने सामुदायिक भवन में तीस से अधिक महिलाओं का नाम है, जो हर माह गांव में घुमकर प्रत्येक घर से मुठ्ठीभर चांवल लेती है। चावल को बेचकर इस राशि का उपयोग गार्डन में किया जा रहा है। इस कार्य में किशोर देशमुख, साकेत गौतम, भीषम वैष्णव, योगेश देशमुख, यीशु साहू, सुकृत दास मानिक, लुकेश गौतम, राहुल देशमुख, सतीश गौतम, लाभेंद्र गौतम, दौलत देशमुख जूटे हुए हैं।

### सरकारी जमीन के लिए मिशाल



देखा जाए तो आज सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे हो रहे है। प्रशासन सरकारी जमीन को सहेजने में असफल है। ऐसे में पर्यावरण के लिए इसे उपयोग कर सहेजने के इस कार्य ने बडी मिशाल पेश की है। ग्राम भटगांव के सचिव भावना याद्व ने हरिभूमि को बताया कि, युवाओं के कार्य की सभी प्रशंसा करते है।

### बंजर जमीन में आज आंवला और अमरूद

कभी घास जमीन कंटीले झाडियों से सरोबार थी। जिसे काटकर युवाओं ने घेरा बनाया। इस जमीन पर आज आंवला, जामुन, अमरूद, बेल, नारियल, अनार और आम के पौधे लहलहा रहे है। पंचायत निधि से यहां बोरवेल्स भी कराया गया है, जिसके जरिए सिंचाई हो रही है। अध्यक्ष किशोर कुमार ने बताया कि, समिति को अधिकतम बीस हजार की सहयोग राशि मिली है।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 6 जून 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



लैटिन फैशन


## लाइव इवेंट

### शनि जयंती महोत्सव आज, 108 किलो तेल से होगा अभिषेक



**भिलाई।** शनेश्वर धाम शनि मंदिर सेवा समिति द्वारा सड़क 33, सेक्टर 6 ए मार्केट के पास शनि मंदिर परिसर में शनि जयन्ती मनाई जाएगी। जहां 108 किलों सरसों के तेल से भगवान का अभिषेक व पंचकुंडीय यज्ञ किया जाएगा। जिसकी तैयारी कई दिनों पहले से ही चल रही थी। आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के महेंद्र प्रताप सिंह (बबलू) ने बताया कि आज शनि जयंती के अवसर पर आचार्य पंडित रविशंकर मिश्रा के सानिध्य व पंडित गोविंद प्रसाद शर्मा की उपस्थिति में सुबह 10 बजे गणेश पूजन, वेदी पूजन, शनिदेव का तेल अभिषेक, पूजा, पंच कुण्डीय यज्ञ और आरती की जाएगी। दोपहर 1 बजे हवन और पूर्णाहुति व शनिदेव को भोग लगाने के बाद 2 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 7 बजे आचार्य सुनील द्विवेदी वृंदावन वाले और उनकी मंडली द्वारा महाआरती एवं भजन का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या पश्चात प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति द्वारा सभी भक्तों को पूजा में शमिल होने व प्रसादी ग्रहण करने के लिए उपस्थित होने अपील की है।

## सिटी इवेंट

### औषधीय पौधों को वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**भिलाई।** श्रीरमेश चंद्र फाउंडेशन हेल्पिंग हैंड्स हीलिंग लाइव्स के तत्वावधान में गुलाटी नर्सिंग होम दुर्ग में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर औषधीय व छायादार पौधों को वितरित कर पर्यावण संरक्षण का संदेश देने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ मानसी गुलाटी द्वारा उपस्थित सभी जनों को पर्यावरण को कैसे बचाए एवं पेड़-पौधे लगाने के लिए जागरूक किया। साथ ही आरोग्य बगीचा के तहत सभी विद्यालयों में प्लांट डिस्ट्रीब्यूशन किया गया। जिसमें बच्चों को उनके महत्व के बारे में प्रकृति से प्रेम एवं सौहाद्र स्थापित करने, बच्चों को वृक्षों का जीवन में महत्व एवं औषधियों के गुणों की जानकारी देते हुए उन्हें प्रकृति प्रेमी बनाने का प्रयास किया गया। साथ ही सभी को पौधे वितरित कर पौधों से सम्मानित किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस आयोजन में श्रीराम चंद्र फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ मानसी गुलाटी, राजमान गुलाटी, डॉ गुंजा पिंचा, डॉ ज्ञानेश साहू, हर्षिता ताम्रकार, प्रांजल जटवानी, विद्या ताम्रकार, मोनिका कुलदीप, आकाश कुलदीप, विनीता, अकांशा राजपूत, दीपक केशरवानी, अंकिता राजपूत, सविता, शैलेन्द्र, विभा, अरुणा, संतोषी, जया, हर्ष, सरोज, हेमा, कविता, नीरज, अमन्त, यशब, सतीश, नीतीश, साकेत, डोमन सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

### कदंब के पौधे रोपित कर संरक्षण करने की ली शपथ




**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर युवा शक्ति संगठन द्वारा बुधवार को शासकीय तालाब हनोदा रोड किनारे बोरसी में जीना है तो वृक्ष लगाए की थीम पर पौधारोपण अभियान की शुरूवात कदम के पौधे लगाकर की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव द्वारा पौधारोपण किया गया। दुर्ग पार्षद स्व गायत्री साहू की स्मृति में नरेंद्र चन्द्राकर सेवानिवृत्त शिक्षक, सदस्य सुरेंद्र साहू एवं संतोष चंद्राकार, स्मिता तांडी द्वारा कदम का पौधा रोपित किया गया।

विधायक यादव ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण में पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि आज वर्तमान मे लोग एसी लगाकर भी गर्मी से राहत नहीं पा रहे, भविष्य में गर्मी बढ़ने से लाकडाउन जैसी स्थिती पैदा होने की संभावना दिख रही है, इससे बचने का सबसे सस्ता और सरल उपाय पौधरोपण ही है। दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अभी से लगाना अपनी आवश्यक जिम्मेदारी समझनी है, तभी हम इस महामारी त्रासदी से बच पायेंगे। संगठन के सदस्यों ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेट कर सभी को पौधा लगाने का शपथ दिलाया।

● आयोजनकर्ता दुर्ग जिला पंचायत सभापति मोनू साहू के आमंत्रण पर पहुंचे ये अतिथि

# शिवमहापुराण में मंत्री, सांसद, और विधायकों ने की शिरकत, पर्यावरण बचाने की मुहिम भी

भिलाई। अमलेश्वर में सात दिवसीय आयोजित शिवमहापुराण के दौरान सांसद, मंत्री और विधायकों ने भी शिरकत की। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय, गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, पर्यावरण मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर विधायक राजेश मूणत, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, साजा विधायक ईश्वरी साहू सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिवमहापुराण कथा श्रवण करने पहुंचे। इन महानुभावों ने व्यासपीठ पर विराजमान अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा से प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए कामना की। इन अतिथियों ने आयोजनकर्ता दुर्ग जिला पंचायत के सभापति मोनू साहू के आमंत्रण को स्वीकार कर यहां पहुंचे थे। पर्यावरण की दिशा में भी कार्य हो रहे हैं। आयोजक दुर्ग जिला पंचायत सभापति मोनू साहू कथा स्थल की साफ-सफाई में खुद ही जुट गए हैं।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशिल्या साय भी कथा श्रवण करने पहुंची।

### अतिथि शिवभक्तों की आस्था से हुए प्रभावित

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशिल्या साय ने अपने उद्बबोधन में कहा कि भीषण गर्मी में यहां लाखों शिवभक्तों का घंटों कथा का इंतजार करना और श्रवण करना यह बताता है कि उनकी महादेव के प्रति कितना अटूट विश्वास है। उनकी कृपा किस तरह अपने भक्तों पर बरसती है।

### सूने शिवालयों में आज लगती है कतार

उपमुख्यमंत्री अरूण साव और गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने उद्बबोधन में कहा कि पहले शिवालयों में जाले लगे होते थे। पूज्य महराज पं. प्रदीप मिश्रा आज एक शिवरूप में हमारे बीच आए हैं। उनकी शिवमहापुराण की कथा आस्था का ऐसी अलख जगाई है कि अब भक्तों की लंबी कतारें लगती है। उनके द्वारा अपने परिवार में रहकर कैसे जीना है और कैसे हम अपनी बुराईयों को दूर कर सकते हैं इसका अलख जगा रहे हैं। धर्मातंरण, पर्यावरण जैसे मुद्दों पर भी सामाजिक जागरूकता का कार्य करने की प्रेरणा भी दे रहे हैं।


### पर्यावरण बचाने की भी मुहिम, शिवमहापुराण कथा स्थल की सफाई करने खुद जुटे आयोजक मोनू



अमलेश्वर में आयोजित सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा के विराम के बाद कथा स्थल और उसके आसपास कचरे का अंबार भी हो गया। पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे इसके लिए आयोजक दुर्ग जिला पंचायत के सभापति मोनू साहू ने खुद ही साफ-सफाई में जुट गए हैं। मोनू अपने सहयोगियों के साथ कथा स्थलों और आसपास फेंके गए दोना पत्तल सहित अन्य सामग्रियों को खुद ही सफाई करने लगे। कचरों को एक जगह पहले एकत्र किया फिर उसे बोरे में भरकर ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया। 55 एकड़ विशाल ग्राउंड को साफ करने में आयोजक मोनू साहू ने अमलेश्वर नगरपालिका से भी सहयोग मांगा है। हर दिन 1.25 लाख भक्तों को भोजन प्रसादी वितरण की वजह से भंडारा वाली जगह पर सबसे ज्यादा साफ-सफाई की जरूरत पड़ी।

### साहू परिवार एक सहज व सरल परिवार

शिवमहापुराण कथा के आयोजक दुर्ग जिला पंचायत के सभापति मोनू साहू के परिवारजन खेमलाल साहू, दुलारी बाई साहू, संगीता साहू को कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले ने सहज व सरल परिवार बताया। उन्होने कहा कि इन पर महादेव की कृपा हुई है। पूर्व जन्म में किए गए पुण्य जब एकत्र हुआ। पूर्वजों का पुण्य मिलने से इतनी बड़ी कथा का आयोजन कर सके हैं। कथा मेरा महादेव की करवाता है।




### पेयजल, शौचालय आदि का व्यापक इंतजाम

आयोजक मोनू साहू ने बताया कि शिवमहापुराण कथा के दौरान हजारों शिवभक्त पंडालों में रूके थे। इसके अलावा हर दिन लाखों शिवभक्तों का आना-जाना लगा रहा। भक्तों के लिए भंडारा, पेयजल, बिजली, रहने की सुविधा , शौचालय आदि की सुविधाएं मुहैया करवाई गई। पर्यावरण का भी ध्यान रखते हुए इस आयोजन के बाद पूरी साफ-सफाई के लिए हम अभियान के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### सफलता का श्रेय एक-एक शिवभक्त को



आयोजक दुर्ग जिला पंचायत सभापति मोनू साहू ने कहा कि शिवमहापुराण जैसे विशाल धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का श्रेय एक-एक शिवभक्त हो जाता है। लाखों शिवभक्तों को व्यवस्थित करना, उनकी परेशानी का निदान करना, खाने से लेकर उनके रहने और सेहत जैसी सुविधाएं मुहैया करवाना एक चुनौती थी। जिसे हमारे कार्यकर्ताओं ने अपने समर्पण से पूरा किया। इस पुनीत कार्य में हमारी बहने, माताएं भी ने हाथ बंटाया है। सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं का योगदान रहा है। हर शिवभक्तों की मनोकामना देवाधिदेव महादेव पूरी करे। आयोजन के लिए भोलेनाथ ने हमें तो केवल एक माध्यम बनाया था । यह आयोजन शिवभक्तों का था। मैं ह्दय से आभारी हूं।



सासंद विजय बघेल का सम्मान करते हुए आयोजक मोनू साहू



उपमुख्यमंत्री अरुण साव पं. मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट किया

ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाई जाती है शनि जयंती

# शनि जयंती आज, भगवान शिव का सरसों तेल से करें अभिषेक, शनि देव होंगे प्रसन्न

कार्नर न्यूज

**ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हर साल पड़ने वाला शनि जयंती आज यानी गुरुवार को मनाया जाएगा। श्रीमद्भागवत पुराण, श्री विष्णु पुराण, भविष्योत्तर पुराण, नारद संहिता तथा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य और चंद्र जब ज्येष्ठ मास में एक अंश पर आते हैं तब शनि जयंती मनाई जाती है। शनि सूर्य की दूसरी पत्नी छाया के पुत्र हैं।**

**भिलाई।** आज के दिन यदि शनिदेव की पूजा की जाय तो शनि ग्रह जनित कष्ट से मुक्ति मिल जाती है। शांति नगर भिलाई के धर्मशास्त्रज्ञ एवं ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद चौबे बताते हैं की जिनकी जन्मकुंडली मे शनि की साढ़ेसाती, ढैया अथवा विंशेत्तरी महादशा चल रही वे सायं सूर्यास्त बाद आज शनि जयंती पर शनि को सरसों तेल, काला तिल एवं गुड़ के साथ भूना हुआ चना चढ़ाते हैं तो उन पर शनिदेव की



विशेष कृपा पूरे साल बनी रहती रहेगी और घर हो या व्यावसायिक प्रतिष्ठान दोनों जगह कभी धन की कमी नहीं होती बरकत ही मिलती है।

### शनि जयंती क्यों है खास

ज्योतिष में शनिदेव को न्यायाधीश कहा गया है, यदि कुंडली में शनि अधिक पावरफुल हों तो उससे घर मे अन्तर्कलह, दुःख, व्यापार में हानि एवं रोग की वृद्धि होती है। इस समय मकर, कुंभ और मीन ये तीनों राशियां शनि की साढ़ेसाती से प्रभावित हैं वहीं कर्क, वृश्चिक ये दो राशियां शनि की ढैया से प्रभावित हैं। शनि जयंती इन पांच राशि वालों के लिए इस लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि आज सूर्य और चंद्र दोनो वृष राशि में बुध, गुरु और शुक्र के युति कर पंचग्रही योग बना रहे हैं यदि आज भगवान शिव का सरसों तेल से अभिषेक भगवती कालरात्रि के लिए दीप जलाकर, पीली वस्तुओं का दान एवं दही, शहद, कपूर तथा सादा चावल का दान किया जाए तो शनिदेव तो प्रसन्न होंगे। साथ ही साथ नैसर्गिक शुभग्रह ऐश्वर्य दाता शुक्र और धन समृद्धि देने वाले गुरु तथा कर्मफल दाता शनि तीनों की कृपा अगले वर्ष के 29 मार्च 2025 तक बनी रहेगी। दरअसल 29 मार्च 2025 को शनि राशि परिवर्तन करेंगे।

### सभी राशियों को शनि जयंती पर क्या करना चाहिए



मेष, वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला और धनु इन सात राशि वालों को आज के दिन सायंकाल 6 सिक्का, 1 सुपारी, थोड़ा सा सादा चावल मुठ्ठी में भर कर अपने शरीर के 5 उतारा एंटी क्लॉक करना चाहिए और उसे किसी चौराहे पर छोड़ आना चाहिए। ऐसा यदि श्रद्धा भाव से किया जाय तो शत्रु बाधा, किसी के द्वारा किया कराया नजर दोष हो जिससे आपकी दुकान न चल रही हो, घर में कलह, घर में रोगों की वृद्धि हो रही हो इससे आश्चर्यजनक फायदा मिलता है।

## सिटी इवेंट

# पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का दिलाया संकल्प



**भिलाई।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंदू युवा मंच दुर्ग ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता दर्शाते हुए अनेक स्थानों पर पौधा रोपण किया। इस अवसर पर कई मंदिरों के प्रांगण में वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर पर्यावरण रक्षा का संकल्प भी लिया। हिंदू युवा मंच की महिला इकाई आदिशक्ति ने अपने कार्यकर्ताओं समेत अनेक सामाजिक संगठनों को दर्जनों पौधे इस संकल्प के साथ भेंट किए कि पौधे को ना सिर्फ रोपण करेंगे अपितु अपने बच्चों की भांति पौधों का संरक्षण व संवर्धन भी करेंगे। पर्यावरण की रक्षा में प्रतिबद्ध हिंदू युवा मंच के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ने कहा कि प्रकृति संरक्षण संवर्धन का कार्य ही हिंदुत्व की जीवन दृष्टि है, प्रकृति पूजन का कार्य सनातन जीवन मूल्यों में समाहित है और हिंदुओं की जीवन पद्धति में पर्यावरण संरक्षण का डीएनए सृष्टि के आरंभ से ही उपस्थित रहा है। अपने वास्तविक जीवन मूल्यों को पहचानते हुए अगर हम प्रकृति का सम्मान करेंगे व पर्यावरण की रक्षा करेंगे तो अपनी जन्मभूमि को हम स्वर्ग से भी सुंदर बना सकते हैं। पर्यावरण के माध्यम से मातृभूमि का क़र्ज़ अदा करते हुए हिन्दू युवा मंच के खिलाड़ी गोविंद राज, नायडू ,सुरेंद्र जैन, अमित पुरोहित, कमल रणदीव, भावना दिवाकर, भाविका देवांगन, सृष्टि देवकर, लक्ष्मी शर्मा, रोशन राजपूत, धर्मेंद्र वर्मा, कुमार नायर, राजेश शर्मा, जय देवांगन, विक्रम कांडा, रवि देशमुख, प्रकाश सिंह राजपूत सहित अन्य जन उपस्थित थे।

## हेल्थ लाइव

# आधुनिक पद्धति से होगा रूट कैनाल ट्रीटमेंट, मिलेगी राहत




**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच द्वारा दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित प्रमुख वक्ता भोपाल से डॉक्टर हिमांजय सक्सेना ने आधुनिक पद्धति एवं सामग्रीयों द्वारा रूट कैनाल ट्रीटमेंट पर व्याख्यान दिया। साथ ही रूट कैनाल ट्रीटमेंट के असफलता के कारण एवं निदान पर व्याख्यान तथा प्रयोगशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को ज्ञान दिया। इस कार्यक्रम में 70 डॉक्टर्स ने भाग लेकर सभी में जोश भरा। रुंगटा डेंटल कॉलेज की उप प्राचार्य एवं आईडीए सचिव डॉ फातिमा खान ने एन्टीसेप्टीक पदार्थ, पोविडीन आयोडीन के ऊपर व्याख्यान लिया। आईडीए अध्यक्ष डॉ मंजू यादव, डेंटल एजुकेशन कन्वेनर डॉ दीप्ति राठौर ने ऐसे शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन निरंतर कराने की बात कही। उपस्थित डॉक्टर्स में डॉक्टर प्रणव जैन, डॉ दीपक जैन, डॉ नावेद खान, डॉ सायली कुरैशी, डॉ सविता कब्डवाल, डॉ दीक्षाली इंदुरकर, डॉ शाहीन हमदानी, डॉ मीनल साटकर साहू, डॉ साकेत बन्छोर उपस्थित थे। कार्यक्रम में विन मेडिकेयर तथा मार्क डेंटल का विशेष सहयोग रहा।

■ इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग में किया गया व्याख्यान का आयोजन

## एजुकेशन इवेंट

# डेटा कलेक्शन एंड एनालिसिस इन रिसर्च पर दी जानकारी

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग के



तत्वावधान में पांच दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय सोर्सिस ऑफ डेटा कलेक्शन एंड डेटा एनालिसिस इन रिसर्च था। कार्यशाला में कई तकनिकी सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. दलीप कुमार, राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सेवानिवृत्त सीनियर एक्सक्यूटिव प्रोजेक्ट रिसर्च थे। उन्होंने डेटा कलेक्शन की विभिन्न विधियों के बारे में विस्तार से बताया। रिसोर्स पर्सन स्वामी आत्मानंद इंगलिश मीडियम मॉडल कॉलेज, रायगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रितेश अग्रवाल ने रिसर्च पेपर कैसे लिखें, विश्व के टॉप रिसर्च जर्नल में पेपर कैसे प्रकाशित कराएं, विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि रिसर्चर को धैर्य रखना चाहिए क्योंकि प्रकाशन में कई सालों का समय लग सकता है। रिसोर्स पर्सन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, प्रोफेसर, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, शासकीय वी. वाई.टी स्वशासी कॉलेज, दुर्ग ने बताया कि शोध का विषय कैसे चयन करें। सैंप्लिंग के विभिन्न तरीकों को बताए। स्वागत भाषण विश्वविद्यालय की विद्यावती चन्द्राकर, सहायक कुलसचिव ने दिया। कार्यशाला का संचालन डॉ. नीना सिंह विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निमिषा मिश्रा, डॉ. प्रतिभा कुरूप और डॉ. समन सिद्धिकी ने किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चन्द्राकर, कुलपति डॉ. बी.एन. तिवारी, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट और डायरेक्टर अकादमिक डॉ. आर. एन. सिंह ने कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय रूपांतर कार्यशाला में साझा किए विचार

# रोचक और प्रभावी शैक्षिक गतिविधियों पर हुई कार्यशाला, विद्यार्थियों को योग्य बनाने हुई चर्चा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश व रायपुर संभाग के केवीएस के प्राचार्यो के साथ एक दिवसीय रूपांतर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के उपायुक्त विनोद कुमार ने पीएमश्री योजना के तहत स्थापित टॉय लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। डॉ.श्रावणी सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का यह सौभाग्य है की छत्तीसगढ़ प्रदेश के 36 केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य एक साथ केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में उपस्थित हैं। नई शिक्षा नीति छात्रों को को भारतीय संस्कृति से जोड़ने, शिक्षा को लचीली बनाने एवं छात्रों को अनुशासन सिखाने पर जोर देती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना और उनका सशक्तिकरण करना वर्तमान संदर्भ में अधिक जरूरी है।

### विद्यार्थियों को योग्य एवं समर्थ बनाना जरूरी

इस दौरान उपस्थित उपायुक्त विनोद कुमार ने कहा कि प्राचार्यो के साथ रूपांतर कार्यक्रम करने का उद्देश्य है कि प्राचार्य विद्यालय के प्रमुख होते हैं और उन्हें इन गतिविधियों का संचालन एवं क्रियान्वयन अपने विद्यालयों में करना है। शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी एवं अधिक ग्राह्य बनाने के लिए नई शिक्षा नीति में अनेक प्रावधान किए गए हैं। हम सभी को उसके अनुसार स्वयं को बदलना है और विद्यार्थियों को योग्य एवं समर्थ बनाना है।



### प्रश्नोत्तरी से हुए डाउट क्लीयर



सत्र में एक मौन गतिविधि आयोजित की गई थी। जहां प्राचार्यो ने बिना बोले समूह बनाने के तरीकों की खोज की। यह देखना दिलचस्प था कि उन्होंने गैर-मौखिक संचार विधियों को कैसे तैयार किया। कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा में मूल्यांकन और प्रेरणा को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने मुहावरे के द्वारा अपनी बातें। सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार ने सभी प्राचार्यो को संबोधित करते हुए कहा कि आप विद्यालय के प्रमुख होने की साथ-साथ आप अपने शिक्षकों का नेतृत्व कर रहे हैं इसलिए आपकी जिम्मेदारी समाज के प्रति अधिक है। नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना करना भी शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य है । शैक्षिक उपलब्धि के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों के विकास की ओर भी हमें ध्यान देना होगा । कार्यक्रम में उपायुक्त विनोद कुमार, सहायक आयुक्त विवेक चौहान एवं रवींद्र कुमार, अरविंद सोसाइटी से सोनिका त्यागी, पृथा शर्मा, साक्षी कुमारी, प्राचार्य उमाशंकर मिश्र सहित छत्तीसगढ़ स्थित केंद्रीय विद्यालयों के 36 प्राचार्यों ने भाग लिया। प्राचार्य मनोज कुमार ने आभार व्यक्त किया।

### प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



बच्चों की सोच को सृजनात्मक बनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास पर अरविंदो सोसायटी के पाठ्यक्रम प्रशिक्षण की महाप्रबंधक सोनिका त्यागी ने अपनी प्रस्तुति दी। सोनिका खुद केंद्रीय विद्यालय की छात्रा रही है। उन्होंने पीएमश्री गतिविधियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। स्कूली शिक्षा की वर्तमान आवश्यकताओं को संबोधित करने, योग्यता आधारित कक्षाओं के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने, समावेशिता को बढ़ावा देने और प्रभावी आंकलन के महत्व पर जोर देने के लिए गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिसमें सभी प्राचार्यो ने बहुत जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। वे चर्चाओं में सक्रिय रूप से शामिल हुए, विभिन्न हितधारकों के साथ सहानुभूति रख और बैलून टॉवर गतिविधि में सहयोग करते हुए योग्यता आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## पौधारोपण...

# छात्राओं ने निकाली पर्यावरण जागरुकता रैली, किया पौधरोपण



### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में भूगोल विभाग के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

डॉ सुषमा यादव विभागाध्यक्ष, भूगोल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम भी तय की जाती है। पिछले साल थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित था। इस वर्ष की थीम का फोकस मरूस्थलीकरण और वन विनाश को रोकना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ डी सी अग्रवाल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला साल 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्टकहोम सम्मेलन में किया गया था जिसकी थीम पर्यावरण संरक्षण थी इसके बाद प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। पृथ्वी के पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेंदारी है। इस अवसर पर भूगोल विभाग की छात्राओं के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गयी एवं पौधरोपण किया गया। इस दौरान विभाग की छात्राएं मानसी ठाकुर, उमा साहू, अंशू बंजारे, नम्रता एवं अन्य छात्राएं उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव तथा आभार प्रदर्शन मानसी ठाकुर ने किया।

### अंडर-16 एलीट ग्रुप का फायनल मैच

# रायपुर बनी विजेता, दुर्ग को मिली उपविजेता की ट्रॉफी



### खिलाड़ियों ने दिखाया अपना हुनर

**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-16 एलीट ग्रुप का फाइनल मैच के चौथे एवं अंतिम दिन का खेल बारिश की वजह से ग्राउंड गीला होने के कारण नहीं खेला जा सका। इस प्रकार मैच का परिणाम ड्रॉ रहा। रायपुर की पहली पारी की 309 रनों की बढ़त के आधार पर रायपुर जिला विजेता बनी एवं दुर्ग जिला की टीम उपविजेता बनी। रायपुर जिले की टीम के कोच स्वर्ण सिंह कलसी एवं प्रबंधक मोहसिन हसन दुर्ग जिले के टीम के कोच सुशील कुमार मिश्रा एवं प्रबंधक भरत सोनी थे।

फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रमोद शंकर शर्मा ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर चयनकर्ता प्रमोद करमरकर, परमजीत सिंह, अमित श्रीवास्तव, पिच कयूरेटर विराज चौहान एवं अंपायर शैलेश उपाध्याय एवं अभिनव शर्मा व मैच के ऑब्जर्वर राजेश शुक्ला उपस्थित थे।

### दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

# पर्यावरण संरक्षण पर चिंता नहीं, चिंतन करने का समय हमारी धरती, हमारा भविष्य की थीम पर हुआ सम्मेलन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग एवं स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के रिसर्च डेवलपमेंट सेल एवं आईक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन सत्र हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूणा पलटा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रो मदनलाल नायक छग जैव विविधता बोर्ड सदस्य, डॉ. प्रीतालाल डायरेक्टर डीसीडीसी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, डॉ युगल कुमार मोहंता स.प्रा. यूनिवर्सिटी साईंस एंड टेक्नॉलाजी मेघालय उपस्थित हुए। सम्मेलन इस वर्ष की थीम हमारी धरती हमारा भविष्य पर आधारित था। सम्मेलन का विषय वाणिज्य नवाचारों द्वारा भूमि का सरंक्षण, संवर्धन व पर्यावरण में संतुलन व स्थिरता स्थापित करना है।



### हमारी भूमि ही हमारा भविष्यः डॉ. हंसा शुक्ला

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. शमा ए. बेग ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताते हुए कहा प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन व मनुष्य की अवांछित जीवन शैली से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का विषय भूमि सुधार, सूखें की स्थिति और मरूस्थलीकरण को कम करना है जिससे विश्व को हरा-भरा व संसाधनों से भरपूर बनाया जा सकें। इस वर्ष का मेजबान सऊदी अरब गणराज्य है। विश्व सर्वे के अनुसार 40 प्रतिशत भूमि बंजर हो गई है जिससे आधी आबादी प्रभावित हो रही है। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा हमारी भूमि ही हमारा भविष्य है और जाने अनजाने में हम व्यक्तिगत तौर पर उसे हानि पहुँचा रहे है। हम सेमिनार, सम्मेलन में पर्यावरण के प्रति चिंता व्यक्त न करें बल्कि चिंतन करें की हम अपने आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध भूमि दें हम पेड़ लगाये, प्लास्टिक का प्रयोग न करें। घर से थैले लेके जाएं। ई-कचरे का सही तरीके से फेकें, जिससे उसे रिसाईकिल किया जा सके, अगर हम छोटे-छोटे प्रयास करें तभी हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते है।

### भावी पीढ़ी को 50 डिग्री तापमान देंगे उपहार

अपने आतिथ्य उद्बोधन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पलटा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन ऐतिहासिक है। जहां हम अपने पर्यावरण के संरक्षण के लिए इतने प्रतिबद्ध है कि आज के अतिथि वक्ता भारत के एक छोर मेघालय से दूसरे छोर छत्तीसगढ़ तक पधारे है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह संगोष्ठी अत्यंत प्रांसगिक है जहां हम देख रहे है पर्यावरण में तेजी से बदलाव आ रहा है। आज छत्तीसगढ़ का तापमान 45 डिग्री पहुँच गया है क्या यह चिंतनीय नहीं है? क्या हम अपने आने वाली पीढ़ी को 55 से 60 डिग्री तापमान उपहार में देगें? हम भविष्य हेतु कितनी भी पूंजी एकत्र कर ले अगर पर्यावरण का संरक्षण नहीं किया तो सब व्यर्थ है हम पर्यावरण के तीन आर के साथ चौथा आर रिफ्यूज को भी जोड़ना होगा प्लास्टिक को ना कहने की आदत डालनी होगीं। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन व जागरूकता अभियान की विडियों दिखाई गयी। इमर्जिंग ट्रेंड ऑन इन्टेलेक्चुअल प्रार्पटी विषय पर आयोजित सेमिनार की शोध पत्रिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। यूनिवर्सिटी साईंस एंड टेक्नॉलाजी मेघालय के साथ स्वरूपानंद महाविद्यालय का एमओयू साइन किया गया। कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. सुनीता वर्मा, रूपाली खर्चे, जे.पी साहू, योगिता लोखंडे, समीक्षा मिश्रा, अभिलाषा शर्मा, एमएम तिवारी, हितेश सोनवानी, जया तिवारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

## जिम में शोल्डर वर्क आउट करते हुए इन टिप्स को जरूर करें फॉलो



जिम में वर्कआउट करते हुए आप अपने शोल्डर को भी जरूर ट्रेन करते होंगे। हालांकि, शोल्डर वर्कआउट करते हुए बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए।

आज के समय में अधिकतर लोग अपनी बॉडी को एक बेहतर शेप देने के लिए जिम का रुख करते हैं। वर्कआउट करने के पीछे उनका उद्देश्य सिर्फ वजन कम करना ही नहीं होता है, बल्कि वे अपनी बॉडी को और भी ज्यादा आकर्षक बनाना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए हर बॉडी पार्ट पर काम करना जरूरी होता है। यही कारण है कि अधिकतर लोग जिम में सप्ताह में कम से कम एक दिन शोल्डर वर्कआउट जरूर करते हैं।

जब आप सही तरह से शोल्डर वर्कआउट करते हैं तो इससे आपकी शोल्डर मसल्स राउंडेड नजर आती हैं। हालांकि, जब आप शोल्डर वर्कआउट कर रहे हैं तो आपको स्ट्रेन्थ और स्टेबिलिटी दोनों पर फोकस करना चाहिए, जिससे आपको किसी तरह की इंजरी होने का खतरा कम हो जाए। अधिकतर लोग गलत तरह से शोल्डर वर्कआउट करते हैं और इसलिए वे खुद को चोटिल कर लेते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको शोल्डर वर्कआउट करते हुए ध्यान रखना चाहिए-

### सही तरह से करें वार्मअप



जब आप शोल्डर वर्कआउट कर रहे हैं तो आपको मसल्स में किसी तरह का खिंचाव या चोट ना आए, इसके लिए जरूरी है कि वार्मअप जरूर किया जाए। शोल्डर वर्कआउट से पहले आपको डायनेमिक स्ट्रेचिंग जैसे आर्म सर्कल, शोल्डर श्रग और आर्म स्विंग आदि करना चाहिए। इसके अलावा, अपने वर्कआउट के लिए भारी वजन को उठाने से पहले आप हल्के वजन से शुरुअत करें। इससे आपके शोल्डर की मसल्स भारी वजन उठाने के लिए तैयार हो पाती हैं।

कंधे की सभी मसल्स का करें वर्कआउट

यह भी एक जरूरी टिप है, जिसे अक्सर बिगनर नजरअंदाज कर देते हैं। जब आप वर्कआउट कर रहे हैं तो फ्रंट, साइड और रियर तीनों मसल्स पर काम करें। फ्रंट मसल्स के लिए फ्रंट रेज़ और ओवरहेड प्रेस जैसी एक्सरसाइज की जा सकती हैं। वहीं, साइड्स के लिए आप लेटरल रेजेस करें। ठीक इसी तरह रियर मसल्स के लिस रिवर्स फ्लाईज़ और बेंट-ओवर लेटरल रेज़ जैसे वर्कआउट किए जा सकते हैं।

### सही फॉर्म को करें मेंटेन

शोल्डर वर्कआउट करते हुए आपको अपने बॉडी फॉर्म का खासतौर पर ख्याल रखने की जरूरत होती है। एकदम बहुत अधिक वजन उठाने से बचें, क्योंकि इससे आपकी बॉडी फॉर्म खराब होती है। इसके अलावा, स्टेबिलिटी बनाए रखने के लिए अपने कोर को टाइट रखें। वर्कआउट के दौरान आप जिस मसल्स मांसपेशी पर काम कर रहे हैं, उस पर ध्यान केंद्रित करें। हर मूवमेंट के साथ अपने कंधों को सिकुड़ते और फैलते हुए महसूस करें। इससे आपको अधिक बेहतर रिजल्ट मिलेंगे।

### अलग-अलग इक्विपमेंट का करें इस्तेमाल



अमूमन लोग शोल्डर वर्कआउट करते हुए केवल डम्बल का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप जिम में शोल्डर वर्कआउट कर रहे हैं तो ऐसे में आप अलग-अलग इक्विपमेंट का इस्तेमाल करने की कोशिश करें। मसलन, डम्बल और बारबेल आपको रेंज ऑफ मोशन देते हैं। वहीं, शोल्डर प्रेस मशीनें स्टेबिलिटी प्रदान कर सकती हैं, इसलिए इन्हें बिगनर्स के लिए काफी अच्छा माना जाता है। वहीं, केबल किसी खास मसल्स का वर्कआउट करने के लिए अच्छा ऑप्शन हैं।

---

गर्मियों का मौसम पाचन के लिहाज से माना जाता है चुनौतीपूर्ण

# गर्मियों में बढ़ जाती हैं पाचन संबंधी कई समस्याएं, डॉक्टर ने बताए बचाव के उपाय

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी की समस्या सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकती है। उच्च तापमान के कारण हीट स्ट्रोक और निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने का खतरा रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मियों का ये मौसम पाचन स्वास्थ्य के लिए भी चुनौतीपूर्ण माना जाता है। बढ़ती गर्मी के साथ अपच, गैस, उल्टी, दस्त और पेट में दर्द से संबंधित समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है।

खराब आहार, शरीर में पानी की कमी और शरीर की अत्यधिक गर्मी जैसे कई कारक गर्मियों में पाचन समस्याओं का कारण बन सकते हैं। गर्मी के मौसम में पाचन क्रिया भी धीमी हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप कब्ज, एसिड रिफ्लक्स और फूड पॉइजनिंग के मामले बढ़ने लगते हैं। डॉक्टर कहते हैं, इस मौसम में सभी लोगों को पाचन को ठीक रखने के लिए उपाय करते रहना जरूरी है। कुछ आसान से उपायों की मदद से आप पाचन स्वास्थ्य से संबंधित विकारों को कम कर सकते हैं।

### पाचन विकारों का जोखिम

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित अस्पताल में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों के डॉक्टर राजीव सचान बताते हैं, अत्यधिक गर्मी आपके पाचन तंत्र पर भी नकारात्मक असर डाल सकती है। शरीर का निर्जलित होना आपके जोखिमों को और भी बढ़ा देती है। गर्मी के लंबे समय तक संपर्क में रहने से पेट में ऐंठन और दर्द की दिक्कत होने लगती है। इसके अलावा गर्मी के दिनों में भोजन के रखरखाव में बरती गई असावधानी के कारण फूड पॉइजनिंग हो सकती है। इस तरह की दिक्कतों से बचाव में कुछ उपाय मददगार हो सकते हैं।





### शरीर को रखें हाइड्रेटेड

गर्मियों में खूब मात्रा में पानी पीते रहना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। पानी पीने से न सिर्फ आप डिहाइड्रेशन से बचते हैं साथ ही पाचन विकारों का जोखिम भी कम होता है। प्रतिदिन कम से कम 8 से 10 गिलास पिएं। इसके अलावा फलू के जूस, नारियल पानी और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशंस (ओआरएस) जैसे पेय भी पाचन से संबंधित समस्याओं से बचाने में मददगार हैं।

### स्वस्थ आहार जरूरी

जंक फूड और बासी चीजों के सेवन से बचना गर्मियों में सेहत को ठीक रखना जरूरी है। घर पर बना ताजा भोजन और फलों-सब्जियों को धोकर ही सेवन करें। फूड पॉइजनिंग की समस्या से बचे रहने के लिए लंबे समय तक रखे भोजन को न खाएं। गर्मियों में ज्यादा तली-भुनी चीजों के सेवन से भी बचना जरूरी है। गर्मी में भोजन जल्दी खराब हो जोते हैं और उनमें बैक्टीरिया के बढ़ने का खतरा रहता है जो खाद्य जनित बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

### थोड़ा-थोड़ा भोजन करें

गर्मी के दिनों में अपच और गैस की समस्या से बचे रहने के लिए एक साथ ज्यादा खाने से अच्छा है कि आप थोड़ा-थोड़ा भोजन करें। गर्मियों में भारी और तैलीय भोजन का पाचन कठिन हो सकता है, इसलिए अधिक मात्रा में तरल चीजों और कम मसाले वाली चीजें खाएं।

---



## हमेशा खुशियों से भरा रहता है ऐसा परिवार, सभी सदस्य करते हैं तरक्की

मुसीबत के समय ढाल और बिना लालच के अधिक प्यार, केवल परिवार करता है। इंसान भले कितना भी आधुनिक हो जाए पर संतुष्टि का अनुभव तो परिवार से ही मिलता है, बिना इसके जीवन जीने की कल्पना करना मुश्किल है

मुसीबत के समय ढाल और बिना लालच के अधिक प्यार, केवल परिवार करता है। इंसान भले कितना भी आधुनिक हो जाए पर संतुष्टि का अनुभव तो परिवार से ही मिलता है, बिना इसके जीवन जीने की कल्पना करना मुश्किल है। एक सुखी परिवार होने पर व्यक्ति हमेशा मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। यही नहीं उसकी समस्याओं में भी कमी आने लगती है। एक अच्छे परिवार से हमेशा अच्छे समाज का निर्माण होता है।

सुखी परिवार में रहने से कार्यों का वितरण आसान हो जाता है। घर के बच्चों को स्वास्थ्य पालन पोषण प्राप्त होता है, जो उनके विकास के लिए उचित होता है। आचार्य आणक्य ने अपने नीतिशास्त्र में सुखी परिवार के बारे में बताया है। चाणक्य नीति के अनुसार परिवार में खुशियां बनी रहने के लिए व्यक्ति को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। ये प्रयास सकारात्मकता का संचार करते हैं, जिससे जीवन में खुशियों का वास होता है। इसी कड़ी में आइए उस परिवार के बारे में जान लेते हैं, जहां हमेशा खुशहाली बनी रहती है।

ऐसे परिवार में हमेशा बनी रहती है सुख समृद्धि

परिवार में खुशियां बनी रहे इसके लिए व्यक्ति को सभी काम ईमानदारी से करने चाहिए। चाणक्य नीति के अनुसार जिस परिवार में सभी परिश्रम और ईमानदारी से धन कमाने वाले रहते हों, वहां हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ



ही ऐसे लोगों को समाज में भी सम्मान मिलता है। चाणक्य नीति के अनुसार जिस घर में जरूरतों का ध्यान रखते हुए पैसों को खर्च किया जाता है, वहां हमेशा खुशियां बनी रहती है। दरअसल, परिवार में सभी को धन के सही उपयोग का ज्ञान होना चाहिए, इससे जीवन में तरक्की के योग बनते हैं और भविष्य के लिए भी धन की बचत होती है।

चाणक्य के अनुसार जिस व्यक्ति के परिवार में पुत्र और पुत्रियां अच्छी बुद्धि से युक्त हों और पत्नी मृदुभाषिणी हो, वहां हमेशा खुशियां बनी रहती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।

किसी भी मकान को घर बनाने में एक महिला का बहुत बड़ा योगदान होता है। चाणक्य के अनुसार जिस घर की महिलाएं खुशियों के लिए निरंतर प्रयास करती है, वहां हमेशा खुशहाली बनी रहती है। साथ ही घर से सभी नकारात्मक ऊर्जा भी चली जाती है।

घर में मुखिया की भूमिका सबसे खास होती है। वह बिना किसी आलस के सभी की परेशानियों का हल करता है। जिस घर में मुखिया बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समान नियम कानून का निर्माण करता है, वहां हमेशा बरकत होती है।



---

## अचानक आ गए हैं मेहमान तो झटपट बनाएं ये पकवान



कई बार ऐसा होता है कि घर पर अचानक मेहमान आ जाते हैं, ऐसे में समझ नहीं आता कि उन्हें नाश्ते में क्या परोसा जाए। वैसे तो हर समय बाजार में कुछ ना कुछ आपको मिल ही जाता है लेकिन बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो बाजार का बना नाश्ता करना पसंद नहीं करते। बहुत से लोग तो अपने मेहमानों को रेडीमेड मिलने वाला नाश्ता की बजाय घर पर कुछ बनाकर खिलाना पसंद करते हैं।

**कटलेट** : आलू के कटलेट खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं। इसे सूजी या फिर ब्रेड क्रम्स में लपेट कर जब आप सेकेंगे तो ये और भी ज्यादा कुरकुरे बनेंगे। चाय के साथ आप इसे परोस सकती हैं।

**स्प्रिंग रोल**- बाजार में स्प्रिंग रोल की शीट बनी बनाई मिल जाती हैं। इन शीट से आप तत्काल स्प्रिंग रोल तैयार कर सकती हैं। अगर आपके पास ज्यादा वक्त है तो सब्जियों की जगह आप इसमें नूडल्स बनाकर भर सकती हैं।

**वेज सैंडविच**: झटपट बनने वाली चीजों में वेज सैंडविच काफी सही विकल्प है। अगर आपका मन है तो आप इसे सेक भी सकती हैं। वरना ये मेयोनीज वाली सैंडविच खाने बिना सिके भी खाने में स्वादिष्ट लगती है।

**क्रिस्पी कॉर्न**: जिनके घर में बच्चे होते हैं, उनके घर में आपको कॉर्न मिल जाएंगे। ऐसे में जब कोई मेहमान आपके घर अचानक आ गया है तो आप उसे क्रिस्पी कॉर्न बनाकर खिला सकती हैं। कोल्ड ड्रिंक के साथ अगर आप इसे परोसेंगी तो लोग आपकी तारीफ जरूर करें।

**कोल्ड सलाद**: बच्चों को ये काफी पसंद आता है। इसमें आपको लगातार रसोई में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप इसे उबालकर पहले ठंडा करें और फिर अपने हिसाब से सब्जियां डालकर इस कोल्ड सलाद को तैयार करें। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है।

**पापड़ चाट** : हर घर में पापड़ तो आसानी से मिल ही जाता है। ऐसे में अगर आप कुछ फटाफट बनाना चाहती हैं तो पापड़ चाट एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

---

## सुबह-सुबह जब मिलने लगे ये चार संकेत, तो समझ लें मां लक्ष्मी की बरसने वाली है कृपा



माना जाता है कि जिस भी व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की कृपा होती है, उसे जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती है। साथ ही रुके हुए कार्यों को भी गति मिलती है और तरक्की के योग बनने लगते हैं। हर तीज त्योहार पर मां देवी की पूजा की जाती है, ताकि घर में उनका वास बना रहे।

किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत करने से पहले शंख बजाया जाता है। हिंदू धर्म में इसे बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि सुबह उठने के बाद शंख बजने की आवाज सुनाई दे, तो ये शुभ संकेत है। इसे मां लक्ष्मी के आगमन का संकेत माना जाता है।

हिंदू धर्म में हर तीज-त्योहार पर झाड़ू की पूजा की जाती है। इसमें मां लक्ष्मी का वास होता है। मान्यता है कि अगर सुबह के समय कोई झाड़ू लगाते दिखाई देता है, तो धन की देवी मां से जुड़ा संकेत माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के खानपान में अचानक से बदलाव आने लगे, तो इसे मां देवी का आगमन माना जाता है। ऐसे लोग धीरे-धीरे मांसाहारी भोजन व नशे से दूरी बना लेते है।

मां लक्ष्मी का वाहन उल्लू है, इसलिए उल्लू का दिखना शुभ संकेत होता है। कहा जाता है कि धन की देवी मां लक्ष्मी अपने आगमन से पहले सूचना दे रही हैं। यदि आपको उल्लू दिखाई दे, तो समझ जाएं मां लक्ष्मी मेहरबान होने वाली हैं।


---

कार्नर न्यूज

भारत में लगभग 80 प्रतिशत लोगों में है विटामिन-डी की कमी

# डेस्क जॉब करने वालों में अक्सर होती है विटामिन-डी की कमी, जरूर जानें दूर करने के उपाय

ह्यूमन बॉडी को 13 जरूरी विटामिन्स की आवश्यकता होती है, क्योंकि इनसे ही हमारी बॉडी सही से फंक्शन और ग्रोथ करती है। साथ ही साथ विटामिन्स शरीर में होने वाले कई कैमिकल रिएक्शन्स को एक्टिव करने में अहम रोल निभाते हैं। आज के समय में सबसे ज्यादा जिस विटामिन की कमी देखी जा रही है, वो है विटामिन-डी,भारत में लगभग 80 प्रतिशत लोगों में विटामिन-डी की कमी है। यह एक आश्चर्यजनक बात है, क्योंकि हमें लगभग पूरे साल पर्याप्त धूप मिलती है, फिर भी ये कमी देखी गई है। आप जानते ही हैं, कि आज लोग अधिकांश समय ऑफिस के अंदर बिताते हैं और कंप्यूटर डेस्क के सामने बैठे-बैठे ही अपना पूरा दिन गुजार देते हैं, इस तरह शरीर को पर्याप्त धूप मिलने के बारे में आप सोच भी नहीं सकते !



आज इंसान पर्याप्त विटामिन-डी तो छोड़िए, पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, फाइबर भी नहीं ले पाता, तो आप सोच सकते हैं कि आपका शरीर कितने कम विटामिन-डी के लेवल पर सर्वाइव कर रहा है। बता दें कि आपके शरीर को कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के लिए विटामिन-डी की आवश्यकता होती है, नहीं तो आपको कई शारिरिक समस्याएं भी हो सकती हैं। यदि आप भी अपने शरीर में विटामिन-डी की कमी को दूर करना चाह रहे हैं, तो इन बातों को फॉलो कर सकते हैं।

### क्यों जरूरी है विटामिन-डी

विटामिन-डी एक अत्यंत महत्वपूर्ण विटामिन है जो आपके पूरे शरीर में कई प्रणालियों पर पॉवरफुल इफेक्ट डालता है। वहीं अन्य विटामिनों के विपरीत, विटामिन-डी एक हार्मोन की तरह काम करता है और आपके शरीर की हर एक कोशिका में इसके लिए एक रिसेप्टर होता है, जो कि इस विटामिन को वहां रिसीव करता है। जब आपकी स्किन सूरज की रोशनी के संपर्क में आती है, तो विटामिन-डी बनने लगता है।

ये विटामिन मछली, डेयरी प्रोडक्ट्स में भी पाया जाता है। इसकी शरीर में दैनिक खपत आमतौर पर 400-800 आईयू के आसपास होती है, लेकिन कई एक्सपर्ट्स का कहना है, आपको इस मात्रा से ज्यादा विटामिन-डी लेना चाहिए। वहीं विटामिन डी की कमी बहुत आम है और अनुमान के मुताबिक दुनिया में लगभग 1 बिलियन लोगों में इस विटामिन की कमी है। 2011 की एक स्टडी के मुताबिक, अमेरिका में 41.6% वयस्कों में इसकी कमी है। विटामिन डी कमी के लक्षण :हड्डियां कमजोर होना,इम्युनिटी कमजोर होना,मोटापे से पीड़ित होना ज्यादा उम्र दिखना,सूजन और इन्फेक्शन होना,स्किन डार्क होना

### पर्याप्त धूप लें


मेरा मानना है कि यह एक ऐसी चीज है, जिसे आप पहले से ही जानते होंगे, लेकिन मुझे यकीन है कि आपने इसके लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया होगा। हम सभी जानते हैं कि सन लाइट में रहने से हमारे शरीर को अधिक विटामिन डी के प्रोडक्शन में हेल्प मिलती है। लेकिन आप यह नहीं जानते होंगे कि सूर्य की रोशनी से प्राप्त विटामिन-डी, फूड प्रोडक्ट्स या फिर ड्रिंक्स से मिले विटामिन-डी की अपेक्षा दो गुनी होता है इसलिए सन लाइट आपके विटामिन-डी का सबसे अच्छा माध्यम है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वेडिंग रिंग के साथ दिखे 'द अकाउंटेंट' स्टार



हॉलीवुड के सुपरस्टार बेन एफ्लेक इन दिनों चर्चा में बने हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बेन एफ्लेक और उनकी सिंगर पत्नी जेनिफर लोपेज के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अफवाहों का बाजार गर्म है कि दोनों तलाक लेने वाले हैं। वहीं इन सारी खबरों के बीच बेन और जेन की जोड़ी के दीवानों के लिए एक खुशबखबरी सामने आ रही है।

बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज की जोड़ी को हॉलीवुड में पॉवर कपल के रूप में लोग जानते हैं। दोनों की इस खूबसूरत जोड़ी के लाखों लोग दीवाने हैं। जब से बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज के बीच में दूरियों की खबर आई है उनके फैंस में काफी निराशा देखने को मिल रही है। पिछले दिनों कई इवेंट्स के दौरान बेन बिना शादी की अंगूठी के नजर आए थे। वहीं इन दिनों सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। उस तस्वीर में बेन शादी की अंगूठी पहने नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह तस्वीर बेन की आगामी फिल्म 'द आकउंटेंट 2' के सेट से वायरल हुई है। तस्वीर में बेन वेडिंग रिंग पहने नजर आ रहे हैं बेन एफ्लेक पिछले कई इवेंट्स में बिना शादी की अंगूठी के नजर आ रहे थे वहीं जेनिफर लोपेज अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान वेडिंग रिंग में स्पॉट की गई थीं। जेन और बेन के दीवानों को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर दोनों के बीच चल क्या रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दो सप्ताह पहले यह खबर आई थी कि अब बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज एक साथ नहीं रह रहे हैं। बेन जहां अपनी पूर्व पत्नी के घर के निकट अपने लिए किराए का मकान ढूंढ रहे थे वहीं जेनिफर भी अपने लिए एक घर तलाश रही थी। हालांकि अभी तक अलगाव की इन खबरों को लेकर दोनों में से किसी ने कोई बयान नहीं दिया है।

### टॉलीवुड

## हारमोनियम लिए 'इलैयाराजा' बने दिखे धनुष, साझा किया फिल्म का पोस्टर



सुपरस्टार धनुष अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी में हैं। अभिनेता ने आज अपनी आगामी बायोपिक फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह मशहूर संगीतकार इलैयाराजा के किरदार को निभाते दिखेंगे। साउथ सुपरस्टार धनुष आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल में ही वह फिल्म 'कैप्टन मिलर' में नजर आए थे। अब वह जल्द ही मशहूर संगीतकार इलैयाराजा के बायोपिक में नजर आने वाले हैं। उनकी यह फिल्म तमिल इंडस्ट्री की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसके लिए लगातार हाइप बनी हुई है। अब इलैयाराजा के 81वें जन्मदिन पर अभिनेता ने फैंस को अपने किरदार की एक झलक दिखाई है। महान संगीतकार इलैयाराजा आज अपना 81वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस दिन को खास बनाते हुए अभिनेता ने फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है। उन्होंने आज, 2 जून को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा,₹सिर्फ और एकमात्र इलैयाराजा को जन्मदिन की शुभकामनाएं₹। पोस्टर में धनुष अपने हारमोनियम के साथ भीड़ के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं, उनके पीछे उनका बैंड नजर आ रहा है। फैंस इस पोस्टर को देखने के बाद फिल्म के लिए काफी उत्साहित हो गए हैं। उन्होंने पोस्टर को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक फैन ने लिखा,₹धनुष आप सबसे बेहतरीन अभिनेता हो, इस फिल्म का अब और इंतजार नहीं कर सकता₹।

### भोजपुरी

## 'शुभ मंगल सावधान' ट्रेलर: सरकारी नौकरी वाला दूल्हा ढूंढ रहे तो रुकिए



भोजपुरी फिल्मों का बढ़ता क्रेज लोगों को इन फिल्मों के बेहद करीब लेकर जा रहा है। हर दिन कोई नई भोजपुरी फिल्म अनाउंस होती है और लोगों में एक्साइटमेंट बढ़ जाती है। ऐसी ही फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो सरकारी नौकरी वाला लड़का ढूंढने वालों के लिए है। विक्टर एंटरटेनमेंट प्रस्तुत सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का भव्य ट्रेलर आउट हो गया है। फिल्म का ट्रेलर बेहद एंटरटेनिंग है और यह समाज के उसे पहलू को उजागर करता है, जिसमें शादी के लिए लोग नौकरी वाले लड़के की तलाश करते हैं। इस फिल्म के निर्माता विक्टर राघव (विक्की) और संदीप छारी हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन सुजीत कुमार सिंह ने किया है। फिल्म का ट्रेलर वेब म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म की मुख्य भूमिका में चिंटू के साथ संयोगिता की केमिस्ट्री लाजवाब नजर आ रही है जबकि फिल्म में यामिनी सिंह भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं।

### लैटिन फैशन

लैटिन डिजाइनर के कलेक्शन दुनिया भर में तारीफ पाते हैं। इस साल, दो लातवियाई डिज़ाइनर प्रतिष्ठित हाइरेस इंटरनेशनल फ़ेस्टिवल फ़ैशन प्रतियोगिता के दस फ़ाइनलिस्ट में शामिल हैं। कलाकार मार्टा वेनबर्गा के सहयोग से बनाया लाइमा जुरका अपने कलेक्टिव ब्लैंकेट संग्रह के साथ और एलिना सिलिना, फ़ॉर सैली संग्रह के साथ इंटरनेशनल फ़ेस्टिवल ऑफ़ फ़ैशन में उतरे। प्रकृति के साथ तालमेल करते इन डिजाइनरों के कलेक्शन को भरपूर प्रोत्साहन मिला।



लाइफ स्टाइल

## नजर आना चाहती हैं सबसे अलग तो ये जॉर्जेट साड़ियां करें ट्राई



फैशन

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से एक परफेक्ट जॉर्जेट साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। साड़ी एवरग्रीन फैशन है और महिलाएं कई सारे मौकों को साड़ी वियर करना पसंद करती हैं। साड़ी में जहां महिलाएं स्टाइलिश नजर आती हैं तो वहीं खूबसूरत भी लगती हैं। मार्केट में आपको साड़ी कई सारे डिजाइन और कलर ऑप्शन में मिल जाएंगी लेकिन अगर आप सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप जॉर्जेट साड़ी भी वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाली जॉर्जेट साड़ियां दिखाएंगे जिन्हें आप किसी भी खास मौके पर वियर कर सकती हैं। वहीं इस तरह की साड़ी में जहां आप भीड़ से अलग नजर आएंगी तो वहीं आप स्टाइलिश भी लगेंगी।



**जॉर्जेट ज़री साड़ी:** अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की साड़ी वियर कर सकती हैं। ये साड़ी जॉर्जेट में है और पिंक कलर में हैं। वहीं इस तरह की साड़ी को पिंक या किसी और भी कलर के ब्लाउज के साथ पहना जा सकता है। वहीं इस साड़ी में जरी वर्क किया गया हैं और यह साड़ी आपको कई सारे कलर और डिजाइन में मिल जाएंगी जिन्हें आप किसी भी खास मौके पर वियर कर सकती हैं। वहीं इस साड़ी के साथ आप ज्वेलरी में चोकर और फुटवियर में हील्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप इस तरह की साड़ी 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।


**फ्लोरल प्रिंट जॉर्जेट साड़ी:** इन दिनों इस तरह की साड़ी काफी ट्रेंड में है और अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट साड़ी वियर कर सकती हैं।

## शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान, खास दिन पर निखर उठेगा चेहरा

लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं।

इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है।

ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।



**गुलाब जल का करें इस्तेमाल:** गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

**हर रोज करें क्लींजर का इस्तेमाल:** चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

**चेहरे पर लगाएं ये क्रीम:** विटामिन ई फेस क्रीम के इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होंगी। ये आपके चेहरे को नरिश करने का काम भी काफी अच्छे से करती है।


**फेशियल ऑयल:** अगर आपको ये समझ नहीं आता कि चेहरे के लिए आप किस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं तो इसमें हम आपकी मदद करेंगे। दरअसल, टी ट्री प्युरिफाई फेशियल ऑयल चेहरे की कई परेशानियों को जड़ से खत्म करता है। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

**अच्छी क्वालिटी का फेसवॉश करें इस्तेमाल** : बाजार में आपको तमाम तरह के फेसवॉश उपलब्ध हो जाते हैं, लेकिन आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेसवॉश खरीदें और दिन में दो बार उसी का इस्तेमाल करें।

## अगर आपकी हाइट है कम तो ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले लहंगे करें ट्राई

शादी जैसे खास मौके पर अट्रैक्टिव लुक के लिए लहंगा बेस्ट ऑप्शन है लेकिन कई महिलाएं हाइट कम होने की वजह से लहंगा नहीं पहनती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वो समझती हैं कम हाइट होने की वजह से लहंगा उनके ऊपर सूट नहीं करेगा पर ऐसा नहीं हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले लहंगे दिखाने जा रहे हैं जिन्हें कम हाइट वाली महिलाएं शादी जैसे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। वहीं इस तरह के लहंगे में जहां आप अट्रैक्टिव लगेंगी तो साथ ही भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

**ऑर्गेंजा लहंगा:** इन दिनों इस तरह का ऑर्गेंजा लहंगा काफी ट्रेंड में है और अगर आप अट्रैक्टिव और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप इस तरह का लहंगे का चुनाव कर सकती हैं। यह लहंगा ऑरेंज कलर में हैं और इसमें गोल्ड-टोन्ड एम्ब्रॉयडरी वर्क किया गया है। वहीं इस लहंगे के साथ आप मैचिंग झुमके पहन सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स या जुती वियर कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट के साथ न्यूड शेड मेकअप बेस्ट रहेगा। यह लहंगा आप ऑनलाइन ले सकती हैं या फिर बाजार में भी इस तरह के लहंगे आपको कई सारे डिजाइन में मिल जाएंगे जिन्हें आप 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इसे भी पढ़ें :अलमारी में बंद पड़ा है शादी में पहना हुआ ब्राइडल लहंगा तो इस तरह से करें उसे स्टाइल, दिखेंगी स्टाइलिश



**नेट लहंगा:** यह लहंगा भी शॉर्ट हाइट वाली महिलाएं ट्राई कर सकती हैं। ओलिव कलर का ये लहंगा नेट में हैं और इस लहंगे में जरी वर्क किया हुआ है।

## बालों को लंबा और घना बनाएगा घर पर बनने वाला यह हेयर मास्क

क्या आपके बाल बहुत झड़ रहे हैं? बालों की ग्रोथ रूक गई है? हेयर फॉल के कारण बाल पतले और दोमुंहे हो गए हैं? अगर ऐसा है, तो आपको इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके पीछे शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी, स्ट्रेस, हार्मोनस इंबैलेंस, कुछ हेल्थ कंडीशन्स और बालं की सही देखभाल न करना, जैसे कारण हो सकते हैं। बालों की जड़ों को मजबूती देने के लिए, घर पर बने तेल और हेयर मास्क बहुत कारगर होते हैं। जी हां, महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स की जगह, अगर देसी चीजों का इस्तेमाल करें, तो इससे आपको ज्यादा फायदा मिल सकता है। इसके साथ ही, डाइट और हेल्दी रूटीन पर भी ध्यान देना जरूरी है। अगर आपक बाल बहुत अधिक झड़ रहे हैं, तो इसे नजरअंदाज न करें और डॉक्टर की सलाह लें। बालों को लंबा और घना बनाने पर घर पर 2 चीजों की मदद से आसानी से बनने वाला यह हेयर मास्क आपकी मदद कर सकता है। चलिए, आपको बताते हैं कि इसे कैसे बनाना है और इसके क्या फायदे हैं?



### बालों को लंबा-घना बनाने हेयर मास्क

बालों को लंबा और घना बनाने के लिए, आपको नारियल के तेल और केले से इस हेयर मास्क को बनाना है। नारियल में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये बालों और स्कैल्प को पोषण देते हैं और बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। इससे बालों की जड़ों को मॉइश्चर मिलता है और बाल मजबूत होते हैं। इतनी ही नहीं, यह हेयर डैमेज और डैंड्रफ को खत्म करने में मदद करता है। केले में पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता है। इससे बालों को मजबूती मिलती है। केले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स बालों के लिए एक प्रोटेक्शन का काम करते हैं। इससे बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं और उनकी ग्रोथ बढ़ती है।

कार्नर न्यूज

### अब लड़कों के पास भी ढेर वैरायटी हैं फैशनेबल क्लोथ की

## आपकी वॉर्डरोब में होने चाहिए स्टाइलिश ट्राउजर्स, रूटीन के साथ-साथ पार्टी में भी आएंगे काम



स्टाइलिंग के मामले में पहले लड़कों के पास कम ऑप्शन्स होते थे। उनके पास घूम- फिरकर वहीं जींस, टी-शट्र्स और पैंट्स हुआ करती थीं। ज्यादा एक्सपेरिमेंट करना हो या पार्टी में अलग दिखना हो तो कोट-पैंट और कुर्ता-पायजामा। इनके अलावा उनके पास मिक्स एंड मैच के लिए कुछ खास नहीं होता था। मगर अब लड़कों के पास भी फैशनेबल क्लोथ की ढेर वैरायटी हैं।

केवल ट्राउजर्स में ही इतनी रेंज उपलब्ध है कि आप इन्हें कैजुअल और पार्टी वियर दोनों में पहन सकते हैं। आप अपने कंम्फर्ट और स्टाइल के अनुसार इनका चुनाव कर सकते हैं। वैसे तो ट्राउजर्स में इन दिनों चिनोज और स्लिम फिट पैंट्स काफी ट्रेंड में हैं, लेकिन इन्हें खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। जैसे- मेंस के लिए कौन-से ट्राउजर्स बेस्ट हैं किस तरह के ट्राउजर्स ट्रेंड में हैं बॉडी टाइप के अनुसार कौन-सा ट्राउजर अच्छा है किस कलर के ट्राउजर लगते अच्छे हैं ट्राउजर की फिटिंग कैसे करें चेक



इन फैशन टिप्स को ध्यान में रखकर ट्राउजर्स लेने से न सिर्फ आपकी पर्सनैलिटी निखरेगी। बल्कि इससे आपको आरामदायक भी महसूस होगा। डेली यूज के लिए अमूमन लड़के डार्क कलर के ट्राउजर लेना पसंद करते हैं क्योंकि ये जल्दी गंदे नहीं होते। लेकिन पार्टी फंग्शन्स के लिए कुछ डिफरेंट ट्राउजर का होना जरूरी है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही फैशन टिप्स के बारे में बताएंगे।

**चिनोज** : अगर आप कैजुअल पैंट्स पहनकर बोर हो चुके हैं और कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं तो चिनोज बेस्ट हैं। ये दिखने में ट्राउजर की तरह हैं लेकिन इनका बॉटम शेप स्लिम फिट है। इसलिए इसके साथ आप टी-शर्ट और शर्ट दोनों ही पहन सकते हैं।

अगर आप इन्हें फॉर्मल वियर की तरह पहनना चाहते हैं तो अपनी वॉर्डरोब में ब्लैक, नेवी ब्लू और डार्क ब्राउन कलर के चिनोज रखें। जबकि पार्टी में जाने या हैंगआउट पर निकलने के लिए इसमें आप पेस्टल शेड्स ले सकते हैं। इनमें आलिव ग्रीन, पीच और एक्वा कलर बेस्ट हैं।

**कॉड्र्स:** पुराने जमाने के एक्टर्स इस तरह के ट्राउजर्स पहनते थे। ये ट्राउजर नीचे हील तक को कवर करते हैं। ये मोटे कपड़े में होते हैं, इसलिए विंटर्स के लिए ये परफेक्ट हैं।

इन्हें धागों से बुना जाता है। साथ ही इनकी डिजाइनिंग अलग अंदाज में होती है। इसलिए इसे पहनने पर यूनीक लुक आता है।